हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754
www.prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 188, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00
7 जनवरी, 2024 दिन रविवार
गाजीपुर/वाराणसी

पीएम मोदी ने बदली देश की तस्वीर और तकदीर : योगी

भारत संकल्प यात्रा में शामिल सीएम योगी ने किया संबोधित

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है। उनके नेतृत्व में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है और देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। भारत में आज वैश्विक स्तर की इंफ्रास्ट्रक्चर, हाइवे, रेलवे, एयरपोर्ट का निर्माण हों रहा है। एम्स और फर्टिलाइजर के कारखाने बन रहे हैं। जनता की सुविधा के लिए प्रत्येक गांव को सड़क, पेयजल आदि की योजनाओं जोड़ने का कार्य हो रहा है।

सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर के संझाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 6.47 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के साथ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार नहीं थी तो लोंगो को शौचालय, आवास, राशन, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली के लिए भटकना पड़ता था। पर, जब वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी तब उन्होंने देश के 140 करोड़ लोगों को परिवार की तरह समझकर प्रतिबद्धता व ईमानदारी के साथ उनकी भलाई के लिए कार्य किया। उसी के परिणाम स्वरूप देश की जनता उनके आह्वान पर लगातार भाजपा को आशीर्वाद प्रदान कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बिना भेदभाव सभी गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पहले जहां गरीबों के राशन पर डकैती और भ्रष्टाचार का बोलबाला होता था, गरीब को राशन नहीं मिलता था, वहीं आज देश में 80 करोड़ तथा यूपी में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। पहले गरीब स्वास्थ्य सुविधा के आभाव में दम तोड़ देता था। जबकि आज देश में 50 करोड़ व यूपी में 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर मिल रहा है। पहले गरीबों के पास आवास नहीं थे, वे झोपड़ी में जैसे तैसे गुजर बसर करते थे जबकि आज देश में 4 करोड़ व प्रदेश में 55 लाख गरीब परिवारों को आवास का लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गरीबों के पास शौचालय नहीं था तथा खुले में शौच से नारी गरिमा को हानि होती थी। आज देश में 12 करोड़ व यूपी में 3 करोड़ गरीबों के शौचालय बनवाएं गये। पहले गरीब के घर में भोजन के लिए न ईंधन, न गैस सिलेंडर, न केरोसिन, न कोयला की व्यवस्था थी। आज देश में 10 करोड़ व यूपी में 1.75 करोड़ गरीबों को मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन दिए गए हैं।

प्रदेश सरकार ने होली व दीपावली में मुफ्त रसोई गैस सिलेंडरदेने का कार्य भी शुरू किया है। ये सब कार्य गरीबों की खुशहाली के लिए हो रहे हैं। नौजवानों को रोजगार प्राप्त हो सके, इसके लिए कार्य हो रहे हैं।। गांव में लोगों को मकान का मालिकाना अधिकार देने के लिए स्वामित्व योजना, किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना संचालित है। सीएम योगी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं गरीबों के जीवन में परिवर्तन का कारक बन रही हैं। इस तरह के परिणाम के साथ हम एक संकल्प के साथ आगे बढ़ते रहे तो वर्ष 2047 में भारत जब अपनी आजादी का शताब्दी महोत्सव मनाएगा तो हम एक विकसित राष्ट्र के रूप में भारत को देख पायेंगे।

महाशक्तियों को संतुलित करने के लिए विश्व चाहता है भारत जैसा देशः जयशंकर

बेंगलुरु। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि दुनिया आज महाशक्तियों को संतुलित करने के लिए भारत जैसा देश चाहती है। विदेश मंत्री बेंगलुरु में पीईएस विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की विदेश नीति, कश्मीर मुद्दे और अपनी पुस्तक व्हाई भारत मैटर्स पर अपने विचार रखे। विदेश मंत्री ने कहा "आज, भारत की साख दुनिया में लगातार बढ़ रही है। आज दुनिया वास्तव में स्थापित शक्तियों को संतुलित करने के लिए हमारे जैसा देश चाहती है।" उन्होंने कहा कि अब हम अपने स्टैंड पर कायम रहते हैं फिर चाहे वह यूक्रेन मसला हो या हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता का। हमारे ऊपर रूस के साथ व्यापारिक-आर्थिक लेनदेन रोकने और क्वाड में शामिल नहीं होने का दबाव था लेकिन हम दोनों के खिलाफ मजबूती से खड़े रहे। कश्मीर मुद्दे पर उन्होंने कहा कि 1948 में इस मसले को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ले जाना एक बड़ी गलती थी। हमें उन देशों के एक समूह ने धोखा दिया था, जिन्होंने अपने भू-राजनीतिक एजेंडे और कश्मीर में असुरक्षा के मुद्दे का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर असुरक्षा की खिड़की बंद कर दी और अब कोई मूर्ख ही इसे खोलने की कोशिश कर सकता है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रखी पतंजलि गुरुकुलम् की आधारशिला

देहरादून। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हरिद्वार में पतंजलि गुरुकुलम् एवं आचार्यकुलम् शिलान्यास' समारोह में पहुंचे। उन्होंने पतंजलि गुरुकुलम् की आधारशिला रखी। इसके बाद उन्होंने संबोधन में कहा कि हमारे देश में जो सिख धर्म है, वह शिष्य शब्द से ही निर्मित है। भारत में कई सारे ऐसे धर्म और संप्रदाय हैं, जो गुरुवाणी के आधार पर ही कायम है। यदि भारतीय संस्कृति जीवित है और यह सनातन बनी हुई है, तो इसकी जीवंतता को बनाए रखने में इस देश के गुरुओं का सबसे बड़ा योगदान है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए देश के गुरुकुल आगे आए। उन्होंने कहा कि संस्कृत वैज्ञानिक भाषा है। दुनिया के कई विद्वानों ने प्रकृति और सृष्टि को समझने के लिए संस्कृत का ही अध्ययन किया। उन्होंने कहा कि संस्कृत का अहम स्थान है। योग दर्शन भी महर्षि पतंजलि ने संस्कृत में ही लिखा था। उन्होंने संस्कृत पढ़ने लिखने और बोलने वालों की कम होती संख्या को लेकर चिंता जताई। कहा कि देवभाषा की यह स्थिति देखकर मन में पीड़ा होती है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि योग गुरु बाबा रामदेव वेद और योग को सरलता से जनमानस तक पहुंचा रहे हैं इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। गुरु शिष्य परंपरा पर बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि गुरुओं के नाम पर ही सनातन की पहचान है। सभी धर्म में मतभेद हो सकता है लेकिन गुरु को सभी ने स्वीकार किया है।

संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में करेंगे काम– रक्षामंत्री ने कहा कि गुरुकुल परंपरा ने भारत का पूरे विश्व में स्थान दिलाया है। उन्होंने संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में काम करने की भी बात कही। जिससे आने वाली पीढ़ी संस्कृति के महत्व को समझ सके इसमें देश के गुरुकुल महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। नई शिक्षा नीति पर बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कई राज्यों ने नई शिक्षा नीति के तहत अपनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। कहा कि इसमें अचानक परिवर्तन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि मैकाले शिक्षा पद्धति ने देश को राजनीतिक और मानसिक रूप से गुलाम बनाया। स्वामी दर्शनानंद ने गुरुकुल की स्थापना कर इस दिशा में प्रकाश फैलाया जो आज भी युवाओं को प्रकाशित कर रहा है। शनिवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सुबह सबसे पहले जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। यहां कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर भी वार्ता हुई। अग्रवाल ने बताया कि श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राज्य की जनता में उत्साह है। इसके बाद केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ स्वामी दर्शनानंद गुरुकुल महाविद्यालय में 'गुरुकुलम् एवं आचार्यकुलम्' के शिलान्यास समारोह में शामिल होने पहुंचे।

प्रिंस ऑफ आर्कोट के खिताब और प्रिवी पर्स पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस, वकील विष्णु शंकर जैन ने रखी दलीलें

नई दिल्ली। खिताब और प्रिवी पर्स (राजाओं की दी जाने वाली पेंशन) समाप्त होने के बावजूद प्रिंस आफ आर्कोट का वंशानुगत पद जारी रखने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इस याचिका पर केंद्र और तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। तमिलनाडु चेन्नई के रहने वाले एस. कुमारवेलु ने वकील विष्णु शंकर जैन के जरिये सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका दाखिल की है। हाई कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद एस. कुमारवेलु ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। शुक्रवार को मामला न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और अरविंद कुमार की पीठ के समक्ष सुनवाई पर लगा था। कोर्ट ने वकील विष्णु शंकर जैन की दलीलें सुनने के बाद याचिका पर नोटिस जारी किया। याचिका में कहा गया है कि इस मामले में महत्वपूर्ण कानून का मुद्दा शामिल है। कानूनी सवाल यह है कि क्या भारत का संविधान लागू होने के बाद भी ब्रिटिश सरकार द्वारा लेटर पेटेंट के जरिये कुछ लोगों को दिया गया विशेष दर्जा या खिताब जारी रखा जा सकता है। क्या विशेष दर्जा और वंशानुगत पद जारी रखने की संविधान के तीसरे भाग में इजाजत है। क्या प्रिंस ऑफ आर्कोट का वंशानुगत टाइटिल जारी रखना और वित्तीय अनुदान (राजाओं को दी जाने वाली पेंशन) जारी रखने की संविधान के अनुच्छेद 14,15 व 16 में इजाजत है। मालूम हो कि संविधान के ये अनुच्छेद सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देते हैं। याचिका में यह भी कानूनी सवाल उठाया गया है कि आखिरी पुरुष उत्तराधिकारी की मृत्यु के बाद भी क्या भारत सरकार संविधान के अनुच्छेद 18 का उल्लंघन करके प्रिंस ऑफ आर्कोट का टाइटिल दे सकती है। दाखिल याचिका में कहा गया है कि प्रिंस आफ आर्कोट का वंशानुगत पद जारी रखना संविधान के अनुच्छेद 14,15 और 16 का उल्लंघन है। कहा गया कि 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू होने के बाद से वंशानुगत पद या टाइटिल अथवा इस तरह के खिताब समाप्त हो चुके हैं और इन्हें जारी नहीं रखा जा सकता।

पहले खत्म किया अतीक का आतंक, अब बीवी शाइस्ता परवीन की जमीन कुर्क करेगी योगी सरकार

प्रयागराज। उमेश पाल और उसके दो सरकारी सुरक्षाकर्मियों की हत्या में वांछित चल रही शाइस्ता परवीन की जमीन व गृहस्थी अब एकसाथ कुर्क की जाएगी। इसके लिए पुलिस की ओर से तैयारी चल रही है। शाहगंज में माफिया अतीक की बीवी शाइस्ता के नाम पर भूखंड है, जिसकी कीमत करीब एक करोड़ से अधिक बताई जा रही है। इसके अलावा चकिया स्थित जिस किराये वाले मकान को ढहाया गया था, वहां से निकाले गए सामान को भी कुर्क किया जाएगा। तिहरे हत्याकांड में वांछित शाइस्ता परवीन पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित है। वह करीब 10 माह से लगातार फरार है। गिरफ्तारी न होने के कारण पुलिस उसकी संपत्ति अदालत के आदेश पर कुर्क करने की तैयारी में है। कहा गया है माफिया अतीक ने कई साल पहले शाहगंज में अपनी बीवी के नाम पर कीमती भूखंड लिया था। आपरेशन जिराफ के तहत पुलिस टीम ने उस प्रापर्टी के बारे में पता लगाया था। छानबीन में साफ है कि अपराध से अर्जित से पैसे से अचल संपत्ति बनाई गई, जिसे भविष्य में गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत भी जब्त की जा सकती है। इसी हत्याकांड में वांछित शूटर साबिर, अरमान बिहारी, बमबाज गुड्डू मुस्लिम और जैनब फातिमा सहित कई की प्रार्पटी को कुर्क कर चुकी है।

'पीएम मोदी लक्षद्वीप जाते हैं, लेकिन मणिपुर क्यों नहीं गए?' कांग्रेस ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 'पीएम मोदी नई नई जगह जाकर फोटोशूट कराते हैं लेकिन वह मणिपुर जाकर लोगों को समझा नहीं सकते। मोदी जरूरतमंदों के बीच क्यों नहीं गए? कांग्रेस की यात्रा जन-जागृति के लिए है।' बीते शीतकालीन सत्र में विपक्षी सांसदों के निलंबन पर खरगे ने कहा कि 'जो सांसद शांत थे, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की गई। विपक्षी पार्टियों को संसद में अपनी बात रखने का मौका नहीं मिला।' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 'मणिपुर में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी, लेकिन पीएम मोदी वहां जाने के बजाय बीच पर चले गए। स्वीमिंग करते हुए फोटो सेशन कराया। निमार्णाधीन राम मंदिर पर फोटो खिंचाने चले गए या केरल और मुंबई चले गए। वह सभी जगह जा रहे हैं, आप भगवान के दर्शन की तरह सभी जगह उनकी तस्वीरें देख सकते हैं, लेकिन वह मणिपुर क्यों नहीं गए?' दरअसल भारत का उत्तर पूर्वी राज्य मणिपुर बीते कई महीनों से जातीय हिंसा से जूझ रहा है। मणिपुर के बहुसंख्यक मैतई समुदाय को जनजातीय आरक्षण का लाभ देने के फैसले के खिलाफ राज्य में हिंसा शुरू हुई थी, जिसमें अभी तक 200 के करीब लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का लोगो जारी किया। इस दौरान खरगे ने कहा कि भारत जोड़ों न्याय यात्रा, देशवासियों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय दिलाने की ओर हमारा एक मजबूत कदम है। खरगे ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा 'जब हमने संसद में देश से जुड़े मुद्दे उठाने की कोशिश की तो सरकार ने हमें बोलने नहीं दिया। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब 146 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। यही वजह है कि हम भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए लोगों के बीच जा रहे हैं ताकि हम उनकी बात सुन सकें और हमारी बात कह सकें।'

बांग्लादेश में चुनाव से पहले भड़की हिंसा, कई मतदान केंद्रों पर आगजनी; स्कूलों में भी लगाई आग

ढाका। बांग्लादेश में कुछ अज्ञात लोगों ने चार मतदान केंद्रों सहित कुछ प्राथमिक स्कूल में भी आग लगी दी। पुलिस राजधानी ढाका के बाहरी इलाके गाजीपुर में आग की जांच में लगी हुई है, लेकिन उन्हें संदेह भी है कि रविवार के चुनाव को बाधित करने के इरादे से अज्ञात लोगों ने आधी रात में स्कूलों में आग लगाई है। गाजीपुर पुलिस प्रमुख काजी शफीकुल आलम ने कहा कि हमने गश्त बढ़ा दी है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए हाई अलर्ट पर हैं। तीन चुनावों में दूसरी बार बहिष्कार कर रही मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) का कहना है कि प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग एक दिखावटी वोट को वैध बनाने की कोशिश कर रही है, जिससे चौथी बार उनकी पार्टी को जीत हासिल हो सकती है। हसीना ने बीएनपी के इस्तीफे और चुनाव चलाने के लिए एक तटस्थ प्राधिकारी को सत्ता सौंपने की मांग से इनकार करते हुए विपक्षी दल पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों को भड़काने का आरोप लगाया है। बीएनपी ने नागरिकों से मतदान से दूर रहने को कहा है और शनिवार से देश में दो दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया है। शनिवार को ढाका की सड़कें सुनसान पड़ी हैं और सुरक्षा बल बख्तरबंद वाहनों में शहर में गश्त कर रहे हैं। पुलिस ने कहा कि आगजनी करने वालों ने उत्तर पूर्वी जिलों मौलवीबाजार और हबीगंज में मतदान केंद्रों पर हमला किया और कहा कि पिछले दो दिनों में देश भर में इसी तरह की कई घटनाएं सामने आई हैं।

लुटेरों के चंगुल से बचे भारतीयों के चेहरे पर दिखी राहत, 'भारत माता की जय' से गूंजा समुद्र

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने बहादूरी की एक ओर मिशाल पेश की है। उसने अपनी सूझबूझ से शुक्रवार को उत्तरी अरब सागर में हाईजैक हुए मालवाहक जहाज 'एमवी लीला नॉरफॉक' में समुद्री लुटेरों के चंगुल में फंसे सभी 21 लोगों को बचा लिया, जिनमें 15 भारतीय भी शामिल हैं। इस घटना के बाद हर कोई भारतीय नौसेना की तारीफ कर रहा है। इन सबके बीच एक नौसेना ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें बचाए गए लोगों की खुशी साफ देखी जा सकती है। लोग भारत माता की जय के नारे लगाते और भारतीय नौसेना के जवानों को धन्यवाद देते नजर आए। भारतीय नौसेना द्वारा साझा किए वीडियो में एक भारतीय कहता दिख रहा है कि उसे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। वहीं, एक अन्य ने कहा कि 24 घंटे से डर में थे। अब हमें राहत मिली है। इसी बीच, एक शख्स ने कहा कि हम सब भारत की नौसेना पर गर्व महसूस करते हैं। फिर क्या था सब लोग एक सुर में 'भारत माता की जय' के नारे लगाने लगे।

ऐसे नौसेना ने जहाज को घेरा– नौसेना के मार्कोस कमांडो ने बताया था कि सूचना मिली थी कि जहाज पर हथियार से लैस पांच से छह लोग सवार हैं, जिनके बारे में कुछ जानकारी नहीं है। इस पर जहाज का पता लगाने के लिए तुरंत एक युद्धपोत, समुद्री गश्ती विमान पी-8 आई और लंबी दूरी के 'प्रीडेटर एमक्यू9बी ड्रोन' को तैनात किया गया। आईएनएस चेन्नई ने शुक्रवार को दोपहर बाद करीब 3:15 बजे अरब सागर में सोमालिया के तट के पास अगवा पोत को घेर लिया था।

लुटेरों को दी चेतावनी– कमांडो ने बताया कि जवानों ने जहाज को चारों ओर से घेर समुद्री लुटेरों को जहाज को छोड़ने की चेतावनी दी। उसके बाद भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो अगवा पोत पर उतरे और उसकी तलाशी ली तो कोई लुटेरा वहां मौजूद नहीं था। ऐसे में लग रहा कि जब उन्होंने बड़ी संख्या में जवानों को देखा तो वो डर की वजह से वहां से भाग गए। फिलहाल, भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस चेन्नई कार्गो शिप एमवी लीला नॉरफॉक के पास मौजूद है। जहाज में बिजली उत्पादन और नेविगेशन सिस्टम को बहाल करके उसे अगले बंदरगाह तक यात्रा शुरू करने में मदद की जा रही है।

हर कोई कर रहा तारीफ– जहाज के मालिक लीला ग्लोबल के मुख्य कार्यकारी स्टीव कुंजर ने भारतीय नौसेना को धन्यवाद दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह जहाज पर मौजूद चालक दल की तारीफ करना चाहते हैं कि उन्होंने कठिन हालातों में होश न खोकर जिम्मेदारी से काम लिया। गौरतलब है, अपहरण का प्रयास ऐसे समय में किया गया है जब इस्राइल-हमास संघर्ष के बीच लाल सागर में व्यापारिक जहाजों पर हूती उग्रवादियों द्वारा हमले तेज किए जाने को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं।

जदयू सांसद की टिप्पणी पर आचार्य सत्येंद्र दास की दो टूक, बोले- मूर्ख हमेशा मूर्ख की तरह ही बोलेगा'

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की अयोध्या नगरी अपने आराध्य के स्वागत के लिए तैयार है। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। कहीं इसकी तारीफ हो रही है, तो कहीं इस पर राजनीति भी हो रही है। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का उद्घाटन है। श्रीराम मंदिर के उद्घाटन और रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जेडीयू सांसद कौशलेंद्र कुमार ने विवादित बयान दिया। उन्होंने उद्घाटन को लेकर बांटे जा रहे निमंत्रण पत्र के सवाल पर कहा कि न किसी के बेटे की शादी हो रही है। न ही किसी के पिता का श्राद्ध है, ऐसे में वो निमंत्रण देने वाले कौन होते हैं?। कौशलेंद्र कुमार के इस बयान पर अब आचार्य सत्येंद्र दास जी महाराज ने टिप्पणी की है। जदयू सांसद कौशलेंद्र कुमार की टिप्पणी पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास जी महाराज ने खरी खोटी सुनाई है। उन्होंने कहा कि मूर्ख हमेशा मूर्ख की तरह ही बोलेगा। वह स्वयं मूर्ख है। निमंत्रण सम्मान पत्र है, जिसमें किसी को आमंत्रित किया जा रहा है। आचार्य सत्येंद्र दास जी महाराज ने कहा कि भगवान राम से जुड़े जो भव्य कार्य किए जा रहे हैं। जो छोटे-छोटे कार्य किए जाते हैं, हम उनके लिए निमंत्रण भेजते हैं। जिस मूर्ख को कोई ज्ञान नहीं है, वह हमेशा ऐसी भाषा का प्रयोग करेगा। ऐसे लोगों को अपनी मूर्खता अपने तक ही सीमित रखनी चाहिए।

संपादकीय

निराशाजनक ककहरा

पंजाब के सरकारी स्कूलों में छात्रों के पंजाबी, अंग्रेजी और गणित विषयों में सीखने की प्रवृत्ति का आकलन करने के लिये किए गए आधारभूत सर्वेक्षण के परिणाम बेहद निराशाजनक रहे हैं। कक्षा तीन से पांचवीं तक के छात्रों की सीखने की स्थिति ने खराब शिक्षण मानकों को ही उजागर किया है। दरअसल, इन छात्रों को संख्याओं के सामान्य जोड़-घटाव, अक्षरों और कहानियों को पढ़ने-लिखने को कहा गया था। लेकिन इसका परिणाम छात्रों की शैक्षणिक संभावनाओं के लिये सकारात्मक संकेत नहीं कहा जा सकता। वहीं यह स्थिति राज्य की स्कूली शिक्षा प्रणाली की निराशाजनक तस्वीर भी उकेरती है। जो कहीं न कहीं छात्रों के पढ़ाई के बीच स्कूल छोड़ने और कालांतर बेरोजगारी बढ़ाने का कारक भी बनता है। इस सर्वे में जो स्थिति सामने आई है वह परेशान करने वाली है। आज हमें इस बात पर मंथन करने की जरूरत है कि अंग्रेजी और गणित की पढ़ाई के स्तर में इतनी गिरावट क्यों है। सही मायनों में ये विषय ही कालांतर बच्चों के कैरियर की दशा-दिशा निर्धारित करते हैं। सर्वे के आंकड़ों से उपजी स्थिति कितनी गंभीर है वह इस बात से पता चलती है कि 75 फीसदी बच्चे अंग्रेजी की कहानी नहीं पढ़ पाए। यह स्थिति न केवल छात्रों की शोचनीय स्थिति को दशार्ती है बल्कि उन शिक्षकों के पठन-पाठन पर भी सवाल उठाती है, जो बच्चों को इन विषयों की शिक्षा दे रहे हैं। निश्चित रूप से अधिकांश बच्चों को गणित का विषय ज्यादा रोचक नहीं लगता, लेकिन यदि चालीस प्रतिशत बच्चे सामान्य जोड़-घटाव भी न कर सकें तो यह गंभीर चिंता का विषय है। निश्चित रूप से यह स्थिति सामान्य नहीं है। दूसरे अर्थों में कह सकते हैं कि ये बच्चे कमजोर बुनियाद के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सवाल यह है कि व्यावहारिक जीवन के लिये बेहद महत्वपूर्ण इन विषयों के प्रति बच्चों में इतनी गहरी उदासीनता क्यों है। इस बारे मे शिक्षा विभाग और राज्य सरकार को गंभीर मंथन करना चाहिए। निश्चित रूप से शोचनीय स्थिति के चलते इस दिशा में तुरंत जरूरी कदम उठाने और शिक्षकों को जवाबदेह बनाने की जरूरत है। इस तरह इस सर्वेक्षण की रिपोर्ट पंजाब की आप सरकार के मिशन समर्थ के लक्ष्य हासिल करने की राह को कठिन बनाती है। दरअसल, आप सरकार ने यह कार्यक्रम पंजाब में स्कूली शिक्षा की स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से एक दिसंबर 2023 को प्रारंभ किया था। दिल्ली में केजरीवाल सरकार को स्कूली शिक्षा में सुधार के प्रयासों को मिली आशातीत सफलता से प्रेरित होकर पंजाब में इस कार्यक्रम को आरंभ किया गया था। वास्तव में दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने वर्ष 2015 में ह्यशिक्षा पहलेह्न को अपना नारा बनाया था। दरअसल, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिली कामयाबी के बाद ही केजरीवाल सरकार ने एक बार फिर 2020 में भी दिल्ली की सत्ता बरकरार रखी थी। आप के केंद्रीय नेतृत्व का सोचना था कि दिल्ली में शिक्षा अभियान के दौरान सामने आई खामियों व सफलताओं से सबक लेकर पंजाब में शैक्षिक सुधार अभियान को गति दी जाए। लेकिन हालिया सर्वेक्षण के परिणामों ने बता दिया कि यह स्थिति निम्न मध्यमवर्ग के सरकारी स्कूलों के प्रति होते मोहभंग को रोकने में नाकामयाब रहेगी। इसी स्थिति के चलते ही अभिभावक आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के बावजूद अपने बच्चों को निजी स्कूलों में भेज रहे हैं। सही मायनों में सरकारी प्राथमिक विद्यालयों की शैक्षिक स्थिति विभागीय छवि को भी प्रभावित कर रही है। इस संकट से उबरने के लिये जरूरी है कि समर्पित शिक्षकों की बड़ी टीम इस अभियान से जुड़े। इसके अलावा राज्य में स्कूल भवनों, प्रयोगशालाओं और पुस्तकालयों का स्तर सुधारने के लिये जरूरी आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। जरूरत इस बात की भी है कि शिक्षकों के खाली पड़े पदों को अविलंब भरा जाए। शिक्षकों व शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण समय की चुनौती के अनुरूप दिया जाए। प्रतिबद्ध और प्रेरक शिक्षक ही विद्यार्थियों को सीखने की प्रवृत्ति के लिये प्रोत्साहित कर सकते हैं। तभी राज्य में शिक्षा व्यवस्था की नींव मजबूत हो सकेगी।

जय जय जय विज्ञान!

रच रहे हैं नित नित ।
हम नया इतिहास ।।
आने वाले दशक भी ।
रहने वाले खास ।।
जय जय जय विज्ञान ।
मानवता के काम ।।
साहस और समर्पण को ।
बारंबार प्रणाम ।।
है लिखनी है गाथा ।
अग्रसर उस ओर ।।
छंट जातीं बाधाएं ।
और संकट घनघोर ।।
कर गया आदित्य ।
सकुशल प्रवेश ।।
एक बार फिर से ।
झूम उठा है देश ।।

–कृष्णोन्द्र राय

ईडी के समन की अवहेलना कर कानून को मुंह चिढ़ा रहे हैं दो राज्यों के मुख्यमंत्री

डॉ. आशीष वशिष्ठ

इन दिनों देश में दो मुख्यमंत्री कानून और जांच एजेंसियों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। इनमें पहले मुख्यमंत्री दिल्ली के अरविंद केजरीवाल और दूसरे झारखंड के हेमन्त सोरेन हैं। दोनों मुख्यमंत्रियों को भ्रष्टाचार से जुड़े अलग-अलग मामलों में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी कई दफा नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुला चुकी है। लेकिन दोनों ईडी के सामने पेश न होने के बहाने बना रहे हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत को ईडी सात बार और केजरीवाल को तीन बार समन भेजी चुकी है। लेकिन दोनों पूरी ढिठाई और बेशर्मी से इस मामले में पॉलिटिकल विक्टिम कार्ड का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं। दोनों ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताते हैं। और केंद्र की मोदी सरकार पर अपने विरोधियों को दबाने के लिए जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हैं। असल में राजनीतिक आरोपों के आड़ में ये दोनों खुले तौर पर कानून और जांच एजेंसियों का मजाक उड़ा रहे हैं।

बीती 3 जनवरी को अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाला केस में ईडी ने तीसरा नोटिस देकर बुलाया था। लेकिन केजरीवाल ने ईडी के सामने पेश होने से इंकार कर दिया। उन्होंने ईडी को जवाब भेजकर समन को अवैध करार दिया। जिस शराब घोटाले में केजरीवाल से पूछताछ होनी है, उस मामले में उनके दो बड़े नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह महीनों से तिहाड़ में बंद हैं। मामला गंभीर है। जांच में केजरीवाल का नाम सामने आने के बाद से यह साफ है कि एजेंसी के पास उनके खिलाफ ठोस सुबूत होंगे। इस मामले में सीबीआई उनसे पूछताछ कर चुकी है। केजरीवाल अक्सर मीडिया और सार्वजनिक मंचों से छाती ठोककर खुद अपने को ईमानदारी का प्रमाण पत्र देते हैं। दस साल पुरानी आम आदमी पार्टी के दिल्ली और पंजाब के लगभग 20 नेता विभिन्न मामलों में जेल की सैर कर चुके हैं। इन दोनों राज्यों में आप की सरकार है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी को जमीन घोटाले और अवैध खनन मामले में पूछताछ करनी है। ईडी उन्हें सात समन भेज चुकी है। लेकिन हेमंत लगातार पूछताछ से भाग रहे हैं। ईडी ने अपने सातवें समन में मुख्यमंत्री से यह पूछा था कि वो स्वयं पूछताछ के लिए जगह तिथि व समय बता दें, ताकि पूछताछ की जा सके। लेकिन मुख्यमंत्री ने जो जवाब भेजा है उसमें जगह तिथि व समय का जिक्र नहीं है। केजरीवाल और सोरेन ही नहीं विपक्ष के जिस नेता के यहां जांच एजेंसियां पहुंचती हैं, वो इसे राजनीति से प्रेरित बताकर राजनीतिक ड्रामा करने लगता है। बीते दिनों झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से इनकम टैक्स की छापेमारी के दौरान 353 करोड़ से ज्यादा की नगदी बारामदगी हुई है। इस मामले पर भी जमकर राजनीति हुई। पश्चिम बंगाल में बीती जुलाई में, टीएमसी नेता एवं राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को स्कूल नौकरी घोटाले से जुड़े एक मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। इस साल की शुरूआत में, टीएमसी सांसद और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी से पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग भर्ती और कोयला तस्करी मामलों के संबंध में पूछताछ की गई थी। राशन वितरण घोटाले में ममता सरकार के राज्य मंत्री मलिक को ईडी ने गिरफ्तार किया था। फरवरी 2019 में सीबीआई की एक टीम कोलकाता के पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार से शारदा चिट फंड घोटाले में पूछताछ करने आई तो सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र की मोदी सरकार पर सीबीआई का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और धरने पर बैठ गई थी। शारदा समूह ने पश्चिम बंगाल में कई पोंजी योजनाओं के जरिये कथित तौर पर लाखों लोगों को ठगा। इसमें तृणमूल कांग्रेस नेताओं के नाम सामने आए थे। सीबीआई उसकी जांच कर रही है तो राज्य सरकार ने राजनीतिक कारणों से उसे रोकने का काम किया। बिहार में लालू यादव और उनके परिवार के सदस्य भ्रष्टाचार के मामले में जांच का सामना कर रहा है। भ्रष्टाचार और अपराध में लिप्त पक्ष और विपक्ष के तमाम नेता जांच एजेंसियों के राडार पर हैं। कई नेता जेल की सजा भी काट रहे हैं। सीधी-सी बात है अगर किसी का दामन पाक साफ है तो उसे जांच एजेंसी पूछताछ के लिए क्यों बुलाएगी? अगर कोई बेगुनाह है तो उसे अदालत सजा क्यों देगी? अदालत या जज किसी पार्टी के कार्यकर्ता या नेता नहीं हैं। दिल्ली शराब घोटाले में सिसोदिया और संजय सिंह को कोर्ट जमानत नहीं दे रहा। मतलब अदालत यह समझती है कि इन दोनों के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं, अगर इनको जमानत दी गई तो ये लोग जांच को प्रभावित कर सकते हैं। यूपी में समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री आजम खां, उनकी पत्नी और बेटा जेल में बंद हैं। लालू प्रसाद यादव चारे घोटाले में सजायाफ्ता हैं। क्या बिना किसी कसूर के अदालत ने उन्हें सजा सुनाई है। भ्रष्टाचार के एक मामले में बीती 22 दिसंबर को यूपी में बसपा सरकार में शिक्षा मंत्री रहे राकेश धर त्रिपाठी को 3 साल कैद की सजा हुई है। बीती 21 दिसंबर को मद्रास हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति के मामले में डीएमके नेता और तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी को दोषी ठहराते हुए तीन साल की कैद और 50 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। पोनमुडी की पत्नी विशालाक्षी को भी दोषी ठहराया गया है। सवाल यह है कि, क्या इन नेताओं को अदालत से मिली सजा राजनीति से प्रेरित है? वास्तव में, राजनीतिक भ्रष्टाचार पर राजनीतिक दलों के बीच गजब का आपसी तालमेल और सहमति का इतिहास रहा है। सार्वजनिक मंचों से एक दूसरे के खिलाफ चाहे कितना भी कीचड़ उछाला जाए, लेकिन चुनाव बाद भ्रष्टाचार की बात नहीं होती थी। लेकिन 2014 में केंद्र की मोदी सरकार आने के बाद से भ्रष्टाचार खासकर राजनीतिक भ्रष्टाचार के खिलाफ चली आ रही सहमति और तालमेल पर जोरदार प्रहार किया गया। नतीजतन, आज कई भ्रष्ट नेता और प्रभावशाली लोग जेल की रोटियां खा रहे हैं। जब कानून के हाथ तथाकथित प्रभावशाली लोगों और नेताओं की गर्दन तक पहुंचने लगते हैं, तो वो जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और राजनीतिक प्रतिशोध का बाजा बजाने लगते हैं। जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग कानून और जांच एजेंसियों से बचने के लिए जब तरह–तरह के हथकंडे अपनाते हैं तो इससे समाज में गलत संदेश जाता है। इससे आम आदमी के मन में कानून और जांच एजेंसियों के प्रति अनादर का भाव उपजता है और कानून का राज स्थापित करने में कठिनाइयां आती हैं।

खतरे में है तेल कीमतों की स्थिरता

सुषमा रामचंद्रन

पिछले साल जो भू-राजनीतिक तनाव बना रहा वह अब नए साल में भी उभर आया है। लाल सागर में यमनी हुती लड़ाकों के व्यापारिक जहाजों पर हमले जारी हैं, भले ही अमेरिकी नौसेना ने उनके कुछ ड्रोन्स मार गिराए हैं। इस इलाके में लड़ाई छिड़ने का जो असर होगा, उसका आघात बृहद वैश्विक अर्थव्यस्वस्था को अवश्यंभावी है। इसका प्रभाव भारत की आर्थिकी की पुनर्स्थापना पर भी रहेगा, जो कि पिछले दो सालों से बाहरी थपेड़ों से किसी तरह खुद को बचाए रखकर, विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है।

यदि तनाव आगे बढ़ता है और स्वेज नहर से होकर अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों की आवाजाही में विघ्न जारी रहा तो इससे यूरोप और एशिया के मध्य माल ढुलाई का भाड़ा बढ़ जाएगा। अधिकांश जहाजरानी ने पहले ही केप-ऑफ-होप से होकर, लंबा किंतु महंगा पड़ने वाला रास्ता चुनना शुरू कर दिया है। इससे दो महाद्वीपों के बीच जलीय दूरी में लगभग 6000 नॉटिक्ल माइल्स जुड़ जाते हैं। यूरोप-एशिया व्यापार का लगभग 42 फीसदी भाग स्वेज नहर से होकर है और एशिया की तरफ से आने पर, इस नहर तक पहुंचने के लिए, लाल सागर से गुजरना लाजिमी है। लाल सागर के प्रवेश मुहाने पर, उन्हें यमन और एरीट्रिया के बीच की बाब-अल-मंदेब खाड़ी से होकर गुजरना पड़ता है। यही वह जलीय क्षेत्र है, जहां पर यमन के अधिकांश भूभाग पर नियंत्रण रखने वाले हूती लड़ाके जहाजरानी को निशाना बना रहे हैं, किश्तियों से या फिर ड्रोन्स के जरिए। हमास की मदद के इरादे से, हुती हरेक उस जहाज को निशाना बने रहे हैं, जिसका संबंध इस्राइल से हो। गौरतलब है कि रूस और चीन से संबंधित जलपोतों को बख्शा जा रहा है। लेकिन भारतीय-ध्वज लगे जहाज या फिर भारत से या भारत तक मालवाहक भी खतरे की जद में हैं, जैसा कि हालिया ड्रोन हमले ने दशार्या है। अमेरिका ने तमाम देशों को गोलबंद करते हुए ऑपरेशन प्रोसेपैरिटी गार्डियन नामक प्रतिरोधक मोर्चा बनाया, जिसका मकसद स्वेज नहर से होकर जलपरिवहन को सुरक्षा देना था। इससे उत्साहित होकर डेनमार्क की नामी मेयर्स्क नामक जहाजरानी कंपनी ने आवाजाही शुरू कर भी दी, लेकिन नवीनतम हमलों ने इस जलीय मार्ग का इस्तेमाल फिर से बंद करवा दिया है, क्योंकि बहुराष्ट्रीय सुरक्षा बल को धता बताते हुए हुती हमले स्पष्ट रूप से जारी हैं।

यदि स्थिति नियंत्रण से बाहर होती है तो इसका शृंखलाबद्ध प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर होकर रहेगा। पहला और फौरी असर तेल कीमतों पर होगा। वर्तमान में, बेंट क्रूड ऑयल मानक वाले कच्चे तेल का प्रति बैरल मूल्य 70-80 डॉलर है, जो कि पिछले साल सितम्बर में रहे 90 डॉलर से कहीं कम है। सुस्त पड़ती वैश्विक अर्थव्यवस्था मांग के मद्देनजर, तेल उत्पादक एवं निर्यातक संघ (ओपेक प्लस) द्वारा तेल उत्पादन में कटौती की घोषणा का वैश्विक मांग पर कुछ विशेष प्रभाव नहीं पड़ा। चीन की आर्थिक पुनर्स्थापना उम्मीद के मुताबिक तेज नहीं रही, जिससे कि विश्व के सबसे बड़े इस तेल आयातक की मांग घटी। जहां एक ओर अमेरिका में मांग होने के चलते कच्चे तेल का भंडारण काफी उच्च है वहीं दूसरी तरफ यूरोजोन में आर्थिक मंदी का दौर जारी है। इस परिदृश्य के आलोक में, ओपेक प्लस द्वारा 2024 में तेल उत्पादन में दस लाख बैरल प्रतिदिन की अतिरिक्त कटौती वाले निर्णय का बाजार की मांग पर प्रभाव कुछ विशेष नहीं रहा। यह इस तथ्य के बावजूद है कि उत्पादन में पिछली और नई मिलाकर कुल कटौती 22 लाख बैरल प्रतिदिन की हो गयी है। लेकिन लाल सागर में बना संकट लंबा खिंचने पर स्थिति उलट हो जाएगी और तेल कीमतों में काफी उछाल आ सकता है। नतीजतन विकसित मुल्कों तक को काफी असर पड़ेगा, जो कि पहले से रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण उच्च ऊर्जा कीमतों का दंश सह रहे हैं।

लाल सागर क्षेत्र में संघर्ष लंबा खिंचने का दूसरा नकारात्मक परिणाम विश्वभर में मुद्रास्फीति दबाव में नई वृद्धि होगी। इससे न केवल तेल की कीमतें ऊपर उठेंगी वरन एशिया-यूरोप के बीच स्वेज नहर वाले रास्ते से गुरेज करने के कारण वैश्विक आपूर्ति शृंखला में विघ्न पड़ सकता है। हालांकि यूरोप और अमेरिका में पिछले साल भर बेकाबू रही मुद्रास्फीति कुछ थमने लगी थी, लेकिन नयी वृद्धि से मुल्कों के केंद्रीय बैंकों को पुनः ब्याज दर ऊंची करने को विवश होना पड़ेगा। जहां तक भारत की बात है, उद्योग एवं सरकारी प्रवक्ता ने पहले ही चावल निर्यात को खतरा होने की आशंका जताई है। लेकिन यदि लाल सागर संकट बना रहता है तो माल ढुलाई में इजाफे से अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के दामों में भी उछाल आएगा। स्वेज नहर वाले छोटे रास्ते की बजाय अफ्रीका की परिक्रमा करके होने वाली आवाजाही से अमेरिका एवं यूरोप की मंडियों में माल पहुंचाना महंगा हो जाएगा। 2023-24 के लिए, पिछले वित्तीय वर्ष के तुलनात्मक कालखंड की तुलना में व्यापारिक निर्यात में पहले ही कमी होना महसूस हो चुका है, जो कि 455 बिलियन डॉलर के साथ रिकॉर्ड न्यूनतम स्तर रहा। पिछले साल अप्रैल-नवम्बर के बीच, सकल 2022 के तुलनात्मक कालखंड में सकल निर्यात में 6.5 फीसदी की कमी दर्ज हुई। जहां बढ़ती माल ढुलाई से किन्हीं मुल्कों का निर्यात प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले महंगा हो जाएगा वहीं ऊंची होती मुद्रास्फीति के असर से मुख्य बाजार में मांग में कमी बनेगी। विशेषकर महत्वपूर्ण कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस का आयात महंगा होगा। मौजूदा अनुमान के मुताबिक 2024 में कच्चे तेल की कीमत 70-80 प्रति बैरल रह सकती है। लेकिन लाल सागर में ताबड़तोड़ हमले जारी रहने का प्रभाव संघर्ष क्षेत्र से काफी दूर तक पड़ने का पूरा अंदेशा है। इससे भारत के तेल आयात के खर्च में काफी इजाफा होगा, क्योंकि मांग का कुल 85 प्रतिशत से अधिक का हमें आयात करना पड़ता है। पिछले वित्तीय वर्ष में रियायती दरों पर मिले रूसी तेल की वजह से स्थिति कुछ हद तक काबू में रही। लिहाजा, लाल सागर बनी स्थिति का असर महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र की वृद्धि दर पर हो सकता है। इससे मौजूदा वित्तीय घाटे में आगे इजाफा होगा, वहीं आपूर्ति शृंखला में विघ्न से औद्योगिक उत्पादन भी प्रभावित होगा। हाल-फिलहाल भारत के लिए, बेशक नाजुक क्षेत्र में घरेलू जहाजरानी की रक्षार्थ भारतीय नौसेना की उपस्थिति में बढ़ोतरी की गई है, लेकिन स्थिति केवल देखो और इंतजार करो वाली है।

चीनी मीडिया मोदी की तारीफ कर रहा है, चीनी राजनयिक आरएसएस मुख्यालय जा रहे हैं... यह चल क्या रहा है?

नीरज कुमार दुबे

एक ओर भारत ने एक बार फिर कहा है कि चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हैं तो दूसरी ओर दो बड़ी और हैरान करने वाली खबरें आई हैं। पहली खबर यह है कि चीनी सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। दूसरी खबर यह है कि चीनी राजनयिकों का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नागपुर मुख्यालय का दौरा करके आया है। सवाल उठता है कि क्या चीन की ओर से आरएसएस और भाजपा को खुश करने का प्रयास किया जा रहा है? सवाल उठता है कि मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने अपने सख्त रुख के चलते जिस तरह सैन्य, आर्थिक और रणनीतिक मोर्चे पर चीन को झटके पर झटके दिये हैं क्या उससे राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सारी हेकड़ी निकल गयी है?

हम आपको बता दें कि ग्लोबल टाइम्स में भारत या भारत सरकार की तारीफ होना सामान्य बात नहीं है क्योंकि इस अखबार का काम भारत विरोधी एजेंडा चलाना और भारत के बारे में अफवाहें फैलाना है। इसलिए जब ग्लोबल टाइम्स में Zhang Jiadong ने अपनी हालिया भारत यात्रा का उल्लेख करते हुए भारत नैरेटिव की सराहना की तो सभी का चौंकना स्वाभाविक था। अगर लेखक अपने लेख में भारत या भारत के प्रधानमंत्री की तारीफ करने का साहस जुटा रहा है तो यकीनन इसके लिए उसने राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अनुमति ली होगी। इसलिए सवाल उठता है कि चीन के मन में कुछ और चल रहा है या उसे भारत की बढ़ती शक्ति का अहसास हो गया है?

जहां तक झांग जियादोंग के आलेख की बात है तो आपको बता दें कि इसमें उन्होंने लिखा है कि मैंने हाल ही में दो बार भारत का दौरा किया। यात्राओं के दौरान मैंने पाया कि भारत की घरेलू और विदेशी स्थिति चार साल पहले की तुलना में काफी बदल गई है। भारत ने आर्थिक विकास और सामाजिक शासन में उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं और इसकी महान शक्ति सपने से वास्तविकता की ओर बढ़ गई है। हालाँकि, संभावित जोखिम और संकट भी सामने आने लगे हैं।

वह लिखते हैं कि एक ओर भारत ने आर्थिक विकास और सामाजिक शासन में बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इसकी अर्थव्यवस्था ने गति पकड़ ली है और यह सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की राह पर है। साथ ही नई दिल्ली ने शहरी प्रशासन में भी प्रगति की है। वह लिखते हैं कि हालाँकि धुंध अभी भी गंभीर है, लेकिन चार साल पहले विमान से उतरते ही जो विशिष्ट गंध आपको महसूस होती थी, वह आम तौर पर गायब हो गई है। इससे पता चलता है कि नई दिल्ली में सार्वजनिक माहौल कुछ बेहतर हुआ है।

वह लिखते हैं कि भारतीय प्रतिनिधियों से बातचीत के दौरान चीनी विद्वानों के प्रति उनका रवैया कहीं-कहीं अड़ियल होने की बजाय अधिक सहज और संयत रहा। उदाहरण के लिए, चीन और भारत के बीच "व्यापार असंतुलन" पर चर्चा करते समय, भारतीय विद्वान मुख्य रूप से व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए चीन के उपायों पर ध्यान केंद्रित करते थे। लेकिन अब वे भारत की निर्यात क्षमता पर अधिक जोर दे रहे हैं। उन्होंने लिखा है कि इसके अलावा, अपने तीव्र आर्थिक और सामाजिक विकास के साथ, भारत रणनीतिक रूप से अधिक आश्वस्त हो गया है और "भारत नैरेटिव" बनाने और विकसित करने में अधिक सक्रिय हो गया है।

वह लिखते हैं कि कूटनीतिक क्षेत्र में, भारत तेजी से एक महान शक्ति बनने की ओर बढ़ गया है। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली है, उन्होंने अमेरिका, जापान, रूस और अन्य देशों और क्षेत्रीय संगठनों के साथ भारत के संबंधों को बढ़ावा देने के लिए बहु-संरेखण रणनीति की वकालत की है। अब, विदेश नीति में भारत की रणनीतिक सोच में एक और बदलाव आया है और वह स्पष्ट रूप से एक महान शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने लिखा है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के संबंध में, भारत ने खुद को पश्चिम से दूर कर लिया है और खुद को विकासशील दुनिया के साथ अधिक निकटता से जोड़ लिया है। साथ ही, पश्चिमी शक्तियों के बारे में भारत की आपत्तियाँ काफी कम हो गई हैं और पश्चिमी देशों के भीतर इसकी गतिविधियाँ लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि अब बड़े पैमाने पर प्रवासी कार्यक्रमों के आयोजन से भी ज्यादा आयोजन हो रहे हैं। वह लिखते हैं कि राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में, भारत पश्चिम के साथ अपनी लोकतांत्रिक सहमति पर जोर देने से आगे बढ़कर लोकतांत्रिक राजनीति की "भारतीय विशेषता" को उजागर करने लगा है। वर्तमान में लोकतांत्रिक राजनीति के भारतीय मूल पर और भी अधिक जोर दिया जा रहा है। उन्होंने लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव राम माधव ने "लोकतंत्र के भारतीय संस्करण" की आवश्यकता पर बल दिया है।

वह लिखते हैं कि भारत न केवल औपनिवेशिक दासता की हर निशानी को मिटाना चाहता है बल्कि राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से "विश्व संरक्षक" के रूप में भी कार्य करना चाहता है। उन्होंने लिखा है कि दिसंबर 2023 में, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने पहला "नॉलेज इंडिया विजिटर्स प्रोग्राम" आयोजित किया, जिसमें 35 देशों के 77 से अधिक विद्वान एक साथ आए। भारतीय विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने एक मजबूत "भारत नैरेटिव" के निर्माण के महत्व पर जोर दिया और अर्थशास्त्र, विकास, राजनीति और संस्कृति के संदर्भ में "भारत नैरेटिव" की व्याख्या की। उन्होंने लिखा है कि जाहिर है, भारत अब सांस्कृतिक परंपरा के माध्यम से न केवल अपने हितों को साध रहा है बल्कि विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित कर रहा है।

जिलाधिकारी ने बैठक कर बाल विकास विभाग की योजनाओं का किया समीक्षा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में राइफल क्लब, सभागार में बाल विकास विभाग के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में हॉट कुक्ड के सचांलन की समीक्षा में निर्देश दिया गया कि को-लोकेटेड केन्द्रों पर शत-प्रतिशत भोजन विद्यालय में बनाया जाय। जिन केन्द्रों पर खाना बनाया जा रहा है वहाँ 03-06 वर्ष के बच्चों की वास्तविक उपस्थिति के आधार पर गरम भोजन दिया जाय तथा उसका नियमानुसार ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री तथा स्कूल के प्रधानाध्यापक सत्यापन करते हुये हस्ताक्षर किया जाय। बर्तन व्यवस्था की समीक्षा में कम केन्द्रों पर बर्तन व्यवस्था पर जिला पंचायत राज अधिकारी, विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों सहित बाल विकास परियोजना अधिकारी को प्रतिदिन समीक्षा कर बर्तन व्यवस्था 11 जनवरी 2024 तक पूर्ण किया जाय। हाट कुक्ड योजना की समीक्षा में यह निर्देश दिया गया कि बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविका द्वारा प्रतिदिन समीक्षा करते हुये 02-02 केन्द्रों की निरीक्षण रिपोर्ट फोटोयुक्त प्राप्त किया जाय तथा क्रास चेकिंग मुख्य सेविका से कराया जाय। हाट कुक्ड के अनुश्रवण एवं मूल्यांकन हेतु निर्धारित प्रारूप के अनुसार ब्लाक स्तरीय टीम बनाते हुये निर्धारित प्रारूप पर समीक्षा की जाय तथा 15 जनवरी से नियमित सत्यापन कराया जाय। जिन केन्द्रों का अवशेष बैंक खाता खुला नहीं है उसे प्रबन्धक, अग्रणी बैंक से सहयोग लेकर खाता 11 जनवरी 2024 तक खोल लिया जाय, जिससे कन्वर्जन कास्ट की व्यवस्था समस्त केन्द्रों पर हो पाये। रजिस्टर क्रय जो ऑगनबाड़ी स्तर से किया जा रहा है उसे तत्काल क्रय करते हुये रजिस्टर पर गरम भोजन व्यवस्था का अंकन किया जाय तथा जबतक रजिस्टर प्राप्त न हो एक अन्य रजिस्टर पर उसका लेखा-जोखा रखा जाय तथा उस पर प्रधानाध्यापक से हस्ताक्षर अनिवार्य रुप से कराया जाय। लर्निंग लैब की समीक्षा में निर्देश दिया गया कि बाल विकास परियोजना अधिकारी अपने खण्ड विकास अधिकारी से सम्पर्क कर कार्यपूर्ति करते हुये यथाशीघ्र उद्घाटन कराया जाय। पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों का मोबाइल वेरिफिकेशन का कार्य 10 जनवरी 2024 तक पूर्ण कराया जाय। उक्त निदेर्शों का शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

ससुराल में आए पति की पत्नी से झगड़ा के दौरान सीढ़ी से गिरकर मौत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को जमानिया थाना कोतवाली क्षेत्र के घुस्का गांव में देर शाम ससुराल आए पति की पत्नी से झगड़े के दौरान मौत की जानकारी मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक के भाई ने हत्या की आशंका की तहरीर दी है। घटना की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है की बिहार राज्य के रामगढ़ गोदारा निवासी सुभाष चौधरी होम्योपैथिक वर्ष की शादी लगभग 18 वर्ष पहले निशा देवी से हुई थी सुभाष रोजी रोटी कमाने के लिए मिस्त्री का काम करता था। पति और पत्नी के बीच तीन बच्चे अंजलि 13 वर्ष अनुज 9 वर्ष आर्यन 6 वर्ष है। पत्नी इन दिनों बेटी अंजलि के साथ अपने मायके जमानिया क्षेत्र के घुस्का में रह रही थी।

बीती रात ससुराल पहुंचे पति की उसकी पत्नी से तकरार हो गया, इसी दौरान सुभाष नीचे गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई सत्य प्रकाश चौधरी का आरोप है कि निशा का उसके मायके के ही किसी व्यक्ति से गलत संबंध था। इस बात को लेकर आए दिन पति-पत्नी में विवाद होता रहता था। सुभाष शुक्रवार को अपने दोनों बच्चों अनुज और आर्यन के साथ ससुराल आया था लेकिन पति और पत्नी में झगड़ा हो गया। घटना की जानकारी होने पर मृतक के बड़े भाई सत्य प्रकाश चौधरी और छोटे भाई राकेश चौधरी सहित परिवार के लोग पहुंच गए और हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। जबकि मायके पक्ष के लोगों का कहना है कि घर की छत के सीढ़ी पर लड़ाई झगड़ा होने के दौरान धक्का लगने से सुभाष चौधरी गिर गया और सर में गंभीर चोट लग जाने से मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि पति-पत्नी के लड़ाई के दौरान पति के गिरने से मौत का मामला सामने आया है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने से ही हत्या की वजह स्पष्ट हो पाएगी।

पंचायत राज एसोसियेशन के सदस्यों ने जिलाधिकारी को दिया नव वर्ष की बधाई

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नये पंचायत राज वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने जिलाधिकारी आर्यका अखौरी से मिलकर उन्हें पुष्प गुच्छ देकर नव वर्ष की बधाई देकर उनका अभिवादन किया तथा अच्छे स्वस्थ्य और खुशहाली की कामना की। इसके लिए वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों को जिलाधिकारी ने भी धन्यवाद दिया। सदस्यों मे सहायक विकास अधिकारी (प), ग्राम पंचायत अधिकारी संघ व ग्रामीण सफाई कर्मी संघ सम्मिलित रहे, जिलाधिकारी महोदय ने सभी को अपने अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु पूरे मनोयोग से कार्य करने हेतु निर्देशित किया, प्रतिनिधि मंडल मे अध्यक्ष सूर्य भानु राय, मंत्री पवन पाण्डेय, संप्रेक्षक कंचन जायसवाल, अलोक कुमार, ग्रामीण सफाई कर्मी संघ अध्यक्ष रोशन लाल, ग्रामीण सफाई कर्मी संघ के कोषाध्यक्ष विनोद चौधरी, उपाध्यक्ष जयप्रकाश बिंद आदि उपस्थित रहे।

कंबल तथा गर्म कपड़े पाकर गरीबों के चेहरे पर आई मुस्कान

नगरा, बलिया। लगातार बढ़ रही ठंड गरीबों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। ऐसे में शहबान ग्रुप नगरा के एमडी द्वारा नगर क्षेत्र के गरीबों को कंबल और गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। कंबल तथा गर्म कपड़े पाकर गरीबों के चेहरे पर मुस्कान दौड़ गई। ठंड लगातार अपने शबाब पर आती जा रही है लेकिन नगर पंचायत प्रशासन की ओर से गरीबों और असहाय को ठंड से बचाव के लिए अभी कोई उपाय नहीं किया जा रहा हैं, इसकी वजह से गरीब और बेसहारा लोग ठंड से ठिठुरते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसे में शहबान ग्रुप के एमडी व यूवा समाजसेवी ओशामा इश्तेयाक ने नगर के नहर इलाका, तरिया पर, बेल्थरारोड मार्ग सहित अन्य स्थानों पर मौजूद गरीब और असहाय लोगो के बीच कंबल व गर्म कपड़ों का वितरण किया।

विकसित भारत के लिए संकल्प यह सोच नही केन्द्र सरकार का 9 वर्षो का प्रयास है : कृष्ण बिहारी राय

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जंगीपुर विधानसभा में विकास खण्ड सदर के सुभाखरपुर तथा चौरही ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम संपन्न हुआ ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि विकसित भारत के लिए संकल्प यह सिर्फ सोच नहीं बल्कि केंद्र सरकार के विगत नौ वर्षों का समर्पित प्रयास है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सही सफल क्रियान्वयन तथा देश के भौतिक विकास की द्रूत गति ने देश को यह सोच और संकल्पों के लिए प्रेरित किया है। जिला महामंत्री प्रवीण सिंह ने कहा कि आज देश का मजबूत नेतृत्व देश को विकसित बनाने के लिए काम कर रहा है तो ऐसे में नागरिकों के नैतिक कर्तव्यों का पालन देश की बुनियाद को मजबूत करेगा। इस अवसर पर वक्ताओं ने लाभार्थियों को विस्तार से योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा विस्तारक रवि प्रकाश, विधानसभा संयोजक मनोज सिंह, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुशवाहा, पूर्व जिला महामंत्री रामनरेश कुशवाहा, शैलेश राम, गुलाम कादिर राइनी, अच्छेलाल गुप्ता, प्रो धर्मेन्द्र सिंह, सतीश राय, अभिनव सिंह , राजाराम कुशवाहा, संतोष सिंह, अविनाश चौधरी, पुजारी तिवारी,बूथ अध्यक्ष राजेश यादव,अरुण निषाध एवं विशिष्ट जन उपस्थित रहे ।

जिले भर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

मोहम्मदाबाद में डीएम संग एसपी ने सुनी फरियाद

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील मुहम्मदाबाद में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिती में सम्पन्न हुआ। जिसमे 118 शिकायत प्राप्त हुए और मौके पर 07 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 441 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 30 शिकायत पत्रो का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 35 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें 05 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 31 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 82 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके 05 का निस्तारण किया गया। तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 73 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 40 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 03 का निस्तारण किया गया एवं तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 62 शिकायत पत्र प्राप्त हुए 04 का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य तहसील दिवस में अधिशासी अभियन्ता विद्युत हाईड्रिल, अधिशासी अभियन्ता पी0डब्लू0डी0 के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद, तहसीलदार मुहम्मदाबाद, क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद, एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

वंचित लाभार्थियों का हर हॉल में रजिस्ट्रेशन कराएं अधिकारी : गिरीश चंद्र यादव

खेतासराय (जौनपुर)। शाहगंज ब्लॉक के अमरेथुआ और मुस्तफाबाद में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुँची । इस मौके पर सभी महकमा के अफसरो ने श्रमकार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन और किसान निधि का रजिस्ट्रेशन किया। प्रदेश के खले एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वीजन पर चर्चा की। इस मौके राज्यमंत्री श्री यादव ने बीजेपी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि अब सरकार की योजनाओं को पाने के लिए जनता को दौड़ना नही पड़ रहा है। सम्बन्धित विभाग के अफसर चौपाल लगाकर उनको लाभांवित कर रहे है । उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बचे हुए लोगों को आयुष्मान कार्ड, किसान निधि समेत अन्य सभी योजनाओं का पात्रों को रजिस्ट्रेश अवश्य किया जाए। स्थिलता बर्दाश्त नही की जाएगी। बीडीओ जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत पर शिविर के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। जिसमें स्थानीय 10 से 12 व्यक्तियों और महिलाओं को शामिल किया गया है । कृषि विभग, परिवार पहचान पत्र शुद्धिकरण, राशन कार्ड सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाई स्टालों पर अलग- अलग कार्य किये जा रहे है । इस मौके पर प्रमुख से मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह, उपेंद्र कुमार मिश्र, धर्मरक्षक मनीष गुप्ता, गजेंद्र पांडेय, बलिराम राजभर, प्रधान प्रतिनिधि अरविंद राजभर समेत कार्यकर्ता और विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे । संचालन धर्मेंद्र मिश्रा ने किया।

तहसील दिवस पर आए 91 मामले, निस्तारण 7

प्रखर पिंडरा वाराणसी सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को पिंडरा तहसील पर ठंड का प्रभाव दिखा। जिसके चलते मात्र 91 फरियादी मौके पर पहुचे। जिसमे मात्र 7 मामलों का निस्तारण हो। एडीएम नागरिक आपूर्ति प्रकाशचन्द की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस के दौरान ताड़ी निवासी व उ0प्र0 उद्योग व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष रामजियावन गुप्ता ने तहसील क्षेत्र के बसनी, हरहुआ सब्जी मंडी, बरही नेवादा व मिराशाह में अवैध ढंग से नियम विरुद्ध प्रदर्शनी व दुकान सप्ताह में एक दिन लगाने की शिकायत की। जिसमे नकली सामान बेचने, मारपीट होने की घटनाएं होती है। जिसपर एसीपी पिंडरा को जांच के आदेश दिया गया। वही मिराशाह के राहुल सेठ में चौरी भदोही व फूलपुर पुलिस के ऊपर डेढ़ वर्ष पूर्व घर मे लूटपाट करने का आरोप लगाते हुए दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।जिसपर एसीपी को जांच के आदेश दिया। रतवारवेगपुर निवासिनी बृद्ध लीलावती देवी ने पहले आ रही पेंशन के अब न आने की शिकायत की। वही पूजा महिला स्वय सहायता समूह की सदस्यों ने गाडर ग्राम सभा के सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान दूसरे समूह को नियम विरुद्ध देने का आरोप लगाते हुए संजू रानी के नेतृत्व में एक दर्जन सदस्यों ने शिकायत की। जिसे एडीएम ने एसडीएम को जांच करने के निर्देश दिया। इंद्रपुर के राजबहादुर पाल ने दबंगो द्वारा चकरोड पर मिट्टी व गाड़ी खड़ा कर कब्जा करने के आरोप लगाया। जिसपर एसओ बड़ागांव को निर्देश दिया। वही खलिसपुर के ओमप्रकाश राजभर ने क्षेत्रीय लेखपाल के ऊपर दबाव में गलत सीमांकन करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई। बहुतरा के नेत्रहीन रवि सिंह ने दबंगो द्वारा मार पीटकर घायल करने व पंचायत के बाद भी बात न मानने तथा पुलिस द्वारा सहयोग न करने की शिकायत की। तहसील दिवस के दौरान सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, गलत सीमांकन, आवास व राशन कार्ड से सम्बंधित मामले आये। इस दौरान एसडीएम प्रतिभा मिश्रा, तहसीलदार विकास पांडेय, नायब तहसीलदार राधेश्याम यादव, श्वेता सिंह, बीडीओ दीपकंर आर्य, सीडीपीओ आर एन सिंह, एडीओ प्रियंका मिश्रा, बीईओ देवीप्रसाद दुबे, एसडीओ शुभम जैन समेत अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

आबादी के अनुसार वैश्य समाज को नहीं मिल पा रही राजनीतिक भागीदारी : लक्ष्मण गुप्ता

रतसर (बलिया)। अखिल भारतीय मध्यदेशीय (कान्दू) वैश्य महासभा अठगावा क्षेत्रीय समिति का 39 वां वार्षिक सम्मेलन शुक्रवार को स्थानीय संघत रैन बसेरा में आयोजित हुआ । सम्मेलन समारोह समाज के कुल देवता संत गणिनाथ के पूजा व ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुआ। सम्मेलन में वैश्य समाज की सामाजिक आर्थिक राजनीतिक स्थिति व हिस्सेदारी के साथ ही समाज की प्रगति पर चर्चा की गई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्य समाज के लोगो की संख्या अधिक होने के बावजूद राजनीतिक रूप से समाज उपेक्षित है । इसका कारण समाज के लोंगो में बिखराव है । इसे खत्म कर सभी वैश्य जातियो को एक होना होगा तभी हम अपनी ताकत दिखा सकते है । विशिष्ठ अतिथि गिरिजेश गुप्ता ने उपस्थिति लोंगो का आह्वान किया कि कुल देवता संत गणिनाथ के दिखाये रास्ते पर चलते हुए वेदों का अध्ययन करें । सच्चाई व धर्म का पालन करते हुए काम क्रोध लोभ अभिमान और आलस्य का त्याग करे` नारी का सम्मान और उसकी रक्षा करें। सम्मेलन को मुन्ना जी गुप्ता माधो प्रसाद उमाशंकर गुप्ता गुलाब चंद्र गुप्ता आदि ने भी संबोधित किया । इस अवसर पर अशोक कुमार गुप्ता पंचदेव प्रसाद सत्यानंद साव अजय कुमार रवींद्र मोदनवाल आदि रहे कार्यक्रम के सफल समापन पर वैश्य समाज के क्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष रमाशंकर गुप्ता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

संक्षिप्त खबरें

लाखों रुपए का अवैध तस्करी माल कोल्हई पुलिस ने किया बरामद

प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज ब्यूरो। जनपद महाराजगंज के इंडो नेपाल बॉर्डर पर तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रहा है महाराजगंज पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के दिशा निर्देश पर अवैध तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहा है विशेष अभियान के तहत पुलिस द्वारा लाखों की कीमत का सामान लावारिस हालत में बरामद किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि थाना कोल्हुई पुलिस ने 25 गत्ता पौउडस पाउण्डर 200 पैकेट कुल 5000 पीस निर्मित नेपाल व क्लोज अप टूथपेस्ट 25 गत्ता मे 3600 पीस व खुले मे 1728 पीस कुल 5328 पीस नेपाल निर्मित लवारिस हालत मे बरामद किया गया जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 7,50,000 रू है इसी क्रम में अवैध तस्करी की रोकथाम व संदिग्ध व्यक्तियों,वाहनों की चेकिंग के दौरान टेम्पू नं0 यूपी56टी 7182 को रोककर चेक किया गया तो उस पर लदा हुआ 10 कार्टून में कुल 1000 पैकेट कमला पसंद गुटखा दो बोरी जर्दा बरामद किया गया जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 1,50,000 रू है।

35 किलो गौमांस तथा गौकशी के सामान सहित 1 अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष जंगीपुर अमित कुमार पाण्डेय व पुलिस टीम के साथ शुक्रवार को गौकशी कर गौ मांस बिक्री करने वाले अभियुक्त शाने अहमद उर्फ सोनू कुरैशी पुत्र अताउल्लाह कुरैशी निवासी वार्ड नं0 5 गुरूसेवक नगर थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर को उसके निजी घर से 35 किलोग्राम गौमांस तथा गौकशी करने के उपकरण के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया जबकि उसका एक सहयोगी भागने में सफल रहा ।गौकशी करने वाले उक्त अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा जा रहा है ।गिरफ्तारी व बरामदगी टीम का विवरण उप निरीक्षक अमित कुमार पाण्डेय थानाध्यक्ष जंगीपुर मय टीम शामिल रहे।

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सम्बन्धित प्रभारी अधिकारियो की जिलाधिकारी ने कसी पेंच

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आगामी लोकसभा सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत निर्वाचन सम्बन्धी विविध कार्यो को समयबद्ध एवं सकुशल सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन कार्य मे लगे प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने कलेक्ट्रेट सभागार मे बैठक ली। बैठक मे जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्य मे लगाये गये अधिकारियो, कर्मचारियों को निर्देश दिया कि जिन्हे भी जो कार्य सौपे गये है उन समस्त कार्यो को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत आदेशो के अन्तर्गत नियमानुसार नियत तिथियो मे पूर्ण करायें इसमें किसी भी तरह की लापरवाही करने पर उचित कार्यवाही की जायेगी। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने बालक को कुचला, मौत

रसड़ा (बलिया)। कोतवाली क्षेत्र के कटहुरा गांव के समीप शुक्रवार को सायं लगभग चार बजे घर से गांव में सामान खरीदने जा रहे बालक को तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। दुर्घटना के बाद गांव के लोगों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित ड्राइवर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि ग्राम कटहुरा निवासी अनुज राजभर (11) पुत्र अमरनाथ राजभर घर से गांव में स्थित किसी दुकान पर कोई सामान खरीदने के लिए जा रहा था। अभी वह कुछ ही दूर गया था तभी मिट्टी गिराकर तेज रफ्तार में जा रही ट्रैक्टर-ट्राली ने बालक अनुज को कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मीं हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा घायल बालक को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। जहां पर अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत होने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजन रोने-बिलखने लगे।

शोक सभा कर दी गई श्रद्धांजलि

बलिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा के प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं अर्बन के नोडल अधिकारी डॉ. आर बी सिंह को शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी गयी। शोकसभा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी,जिला मलेरिया अधिकारी एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की। उसके बाद उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। डॉ.आर बी सिंह का देहांत गुरुवार को मऊ मे एक निजी चिकित्सालय मे इलाज के दौरान हो गया था।

रेलवे पुल के समीप मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

बिल्थरा रोड (बलिया)। उभांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दिन में लगभग डेढ़ बजे घाघरा नदी पर बने तुतीर्पार रेलवे पुल के समीप 40 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत होने का अनुमान लगाया जा रहा है। उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक डी के श्रीवास्तव के निर्देश पर हल्का प्रभारी उप निरीक्षक पंकज सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। और मौके पर उपस्थित भीड़ से शिनाख्त कराने का असफल प्रयास किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना के अनुसार घटना स्थल से पुलिस को चार बियर के कैन भी बरामद हुआ है।

भीड़ से घिरे बॉबी देओल का निकलना हुआ मुश्किल

मुंबई। फिल्म 'एनिमल' से बॉबी देओल की पॉपुलैरिटी अचानक काफी बढ़ गई है। वह जहां भी जा रहे हैं फैन्स की भीड़ उन्हें घेर ले रही है। कुछ दिनों पहले ही एक महिला उनके लिए गिफ्ट लेकर आई। इस बीच अब बॉबी का एक वीडियो आया है जिसमें वह मुंबई एयरपोर्ट पर दिख रहे हैं। वह बिना किसी सिक्योरिटी के हैं और अकेले ही चल रहे थे कि तभी लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा जो उनके साथ एक तस्वीर खिंचवाना चाह रही थी। इतनी भीड़ के बावजूद बॉबी शांत और कूल रहे और कईयों के साथ तस्वीरें क्लिक कराईं। विरल भयानी ने वीडियो शेयर किया है। बॉबी स्लीवलेस हुडी, जींस और ब्लैक टोपी में हैंडसम लगे।

लाइफ Style

अनन्या

शेयर कीं बॉयफ्रेंड की तस्वीरें

बी-टाउन की ग्लैमरस क्वीन अनन्या पांडे इन दिनों आदित्य रॉय कपूर के साथ अपने डेटिंग को लेकर चर्चा में हैं। भले ही अनन्या और आदित्य ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं किया है, लेकिन उनके जेस्चर्स रिलेशनशिप को कन्फर्म करने के लिए काफी हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर एक साथ नया साल मनाने के लिए लंदन गए थे। लंदन से रूमर्ड कपल की न्यू ईयर सेलिब्रेशन की फोटो भी सामने आई थी, जिसमें दोनों दोस्तों के साथ पोज देते हुए नजर आए थे। इस फोटो में अनन्या और आदित्य को ब्लैक कलर के आउटफिट में ट्विनिंग करते हुए भी देखा गया था। इस तस्वीर के वायरल होने के बाद कन्फर्म हो गया था कि दोनों साथ में लंदन गए थे। बीते दिन अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर लंदन से वेकेशन मनाकर मुंबई लौटे। अब एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने वेकेशन की खूबसूरत झलकियां शेयर की हैं, लेकिन सोलो। अनन्या द्वारा शेयर की गई एक भी फोटोज में आदित्य रॉय कपूर नजर नहीं आ रहे हैं। एक फोटो में अनन्या एक रिंग बेल को प्रेस करती दिख रही हैं, जिस पर लिखा है, 'अटेंशन के लिए बेल बजाइए।' एक फोटो गिलहरी की है, जिसे देख सोशल मीडिया स्टार ओरी ने कमेंट कर अनन्या को गिलहरी बता दिया। एक फोटो अनन्या की कैंडिड है, जिसमें वह नदी के किनारे ढेर सारे पक्षियों के पास खड़ी हैं। एक फोटो में अनन्या खाना एन्जॉय कर रही हैं तो एक में बुक पढ़ रही हैं। एक जगह अभिनेत्री को स्कैटिंग करते हुए पोज देते देखा जा सकता है।

हॉलीवुड मसाला

कैरी हुईं बुरी तरह घायल

लॉस एंजिलिस। 'ब्लैक पैंथर' एक्टर और स्टंटवुमन कैरी बर्नांस साल के पहले ही दिन खतरनाक एक्सीडेंट का शिकार हो गई हैं। 1 जनवरी, 2024 को न्यूयॉर्क में उनके साथ एक हिट-एंड-रन एक्सीडेंट हो गया। 29 साल की एक्ट्रेस हाल ही में मां बनी थी. राहत की बात यह रही कि घटना के वक्त वह अपने बच्चे के साथ नहीं थीं। इस एक्सीडेंट में कैरी बर्नांस को कई फ्रैक्चर हुए. उनकी कई हड्डियां और दांत टूट गए। एक बयान के मुताबिक, 29 साल की कैरी बर्नांस को 1 जनवरी को लगभग 1:30 बजे मैनहट्टन में चिरप रेस्टोरेंट के आउटडोर डाइनिंग एरिया में एक ड्राइवर की टक्कर लगने से गंभीर चोटें आईं।

पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स ने फैन्स को चौंकाया

लॉस एंजिलिस। अमेरिकी पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स ने म्यूजिक इंडस्ट्री छोड़ने की घोषणा करके फैन्स को चौंका दिया है। इसके साथ ही उन्होंने एक नए एल्बम की अफवाहों का भी खंडन किया। ब्रिटनी स्पीयर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन अफवाहों को खारिज कर दिया है, जहां कहा जा रहा था कि वह एक नए एल्बम पर काम कर रही हैं। पॉप स्टार ने साफ किया कि वह म्यूजिक इंडस्ट्री में कभी भी वापस नहीं आएंगी। ब्रिटनी स्पीयर्स 2000 के दशक की प्रमुख गायिकाओं में से एक रही हैं। पॉप स्टार उन रिपोर्ट्स का जवाब दे रही थी, जो बुधवार की सुबह पेज सिक्स पर सामने आई थीं कि ब्रिटनी स्पीयर्स संभावित रूप से एक रिकॉर्ड के लिए चार्ली एक्ससीएक्स और लेखिका जूलिया माइकल्स को टैप कर रही थीं।



तमन्ना ने लंदन में मनाया न्यू ईयर

मुंबई। इस बार का न्यू ईयर तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा के लिए बेहद स्पेशल रहा। आखिर इसे इस कपल ने लंदन में दोस्तों के साथ मनाया, और साथ में रोमांटिक पल भी बिताए। तमन्ना और विजय वर्मा पिछले कुछ महीनों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं और अपना रिलेशनशिप भी ऑफिशियल कर चुके हैं। वो हर जगह साथ घूमते नजर आते हैं। नए साल का जश्न मनाने के लिए तमन्ना और विजय वर्मा लंदन में थे और खूब इंजॉय किया। लेकिन वहां तमन्ना को पिज्जा के बारे में एक खास बात पता चला, जिससे वह हैरान थीं। तमन्ना ने लंदन में मनाए न्यू ईयर का वीडयो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। तमन्ना और विजय ने लंदन पहुंचते ही वीडियो ब्लॉग बनाना शुरू कर दिया था।

'भूल भुलैया 3' को लेकर आया अपडेट

मुंबई। वर्ष 2007 में अक्षय कुमार और विद्या बालन अभिनीत फिल्म 'भूल भुलैया' आई और हिट रही। इसके बाद 2022 में इसके सीक्वल में कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी और तब्बू नजर आए और ये फिल्म भी ब्लॉकबस्टर रही। अब निर्माता इसका तीसरा पार्ट बनाने की तैयारी में हैं। काफी वक्त से 'भूल भुलैया 3' पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे दावे किए जा रहे हैं कि मार्च से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भूषण कुमार, अनीस बज्मी और कार्तिक आर्यन हाल ही में फिल्म पर चर्चा करने के सिलसिले में मिले। अनीस बज्मी जैसे क्रिएटिव इंसान और कार्तिक आर्यन जैसे प्रतिभाशाली कलाकार के साथ इसके तीसरे पार्ट को बनाते हुए वे बेहद उत्साहित हैं।

टीवी मसाला

अनुपमा को देखकर आध्या को लगा झटका

मुंबई। अनुपमा शो में अब तक आपने देखा कि अनुपमा, अनुज के घर पहुंच गई है और वहां आध्या के बर्थडे के लिए खाना तैयार करती है। श्रुति ने खुद अनुपमा को बुलाया है। वहीं अनुज जिसको अनुपमा के पास होने का शक है, वह जल्द से जल्द घर जाकर देखना चाहता है कि आखिर जिस महिला को श्रुति ने बुलाया है वो कौन है। शो का प्रोमो सामने आया है जिसमें आध्या अपने कमरे से नीचे उतरकर आती है और कहती है कि बहुत अच्छी खुशबू आ रही है। वह काफी खुश होते हुए आती है। श्रुति कहती है कि खुशबू बहुत अच्छी आ रही है और खाना भी बहुत शानदार है। आध्या फिर किचन में जाती है और वहां देखती है कि अनुपमा अंदर है और खाना बना रही है। श्रुति वहीं अनुज को फोन करती है कि तुम कहां हो। आध्या के दोस्त आ गए हैं और मैं तुम्हें मिलवाने के लिए काफी एक्साइटेड हूं। अनुज कहता है कि बस मैं आ रहा हूं। वहीं आध्या अनुज को बार-बार फोन करती है ताकि वह घर ना आए। वह कहती हैं कि ऐसा नहीं हो सकता।

साल 2024 में बॉक्स ऑफिस पर जारी रहेगा कामयाबी का जश्न

मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर बीता साल 2023 बहुत शानदार रहा। इस दौरान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की बल्ले-बल्ले रही। खासकर साल 2022 में अपने सबसे बुरे दौर के बाद बीते साल बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड ने जोरदार वापसी की। एक साल में चार फिल्मों 'पठान', 'जवान', 'गदर 2' और 'एनिमल' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ क्लब में एंट्री करने का अनोखा रेकॉर्ड बनाया। वहीं, जवान 600 करोड़ क्लब में एंट्री करके हिंदी सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। यही नहीं, शाहरुख खान ने अपनी तीन फिल्मों 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' के सहारे एक साल में दुनियाभर में ढाई हजार करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई करके नया रेकॉर्ड बनाया है।

बिना सुपर सितारों के बीतेगा साल

साथ ही रणवीर सिंह भी इस साल बड़े पर्दे पर नजर नहीं आने वाले हैं। यानी इस साल बिना सुपर सितारों की फिल्मों के यह देखना दिलचस्प होगा कि बीते साल की तर्ज पर बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों सफलता का सिलसिला किस तरह कायम रहने वाला है। फिलहाल सबकी नजरें ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'फाइटर', अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' और अजय देवगन व रोहित शेट्टी की 'सिंघम' फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म 'सिंघम अगेन' पर हैं।

क्या टूट पाएगा 1000 करोड़ का रिकॉर्ड

बीते साल में बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता का स्वाद चखने के बाद बॉक्स ऑफिस के जानकारों की नजरें इस पर हैं कि आने वाले दिनों में कौन सी हिंदी फिल्म बीते साल की तरह दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपए कमाई करने का कमाल दिखाने वाली है। क्या इस साल बीते साल का चार हिंदी फिल्मों का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ क्लब में एंट्री करने का रेकॉर्ड टूटेगा? खास बात यह है कि बीते साल में बंपर प्रदर्शन करने वाले शाहरुख खान की इस साल कोई फिल्म रिलीज नहीं हो रही, तो सलमान खान की फिल्म भी अब अगले साल ही रिलीज होगी।

इस साल भी करेगा धमाल?

'पठान' और 'जवान' के बंपर प्रदर्शन के बाद माना जा रहा था कि शाहरूख खान की फिल्म 'डंकी' भी दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई करेगी। लेकिन यह फिल्म दुनियाभर में 500 करोड़ रुपए की कमाई भी नहीं कर पाई। बावजूद इसके किंग खान अकेले ऐसे भारतीय एक्टर बन गए हैं, जिनकी दो फिल्मों ने एक साल में दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की।

राहा को एक हाथ में टांगे निकले रणबीर कपूर

मुंबई। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा कपूर की पहली झलक जब से लोगों को दिखी है, तब से बस वो नन्ही परी की तारीफ किए जा रहे हैं। क्रिसमस पर पहली बार रणबीर और आलिया ने बेटी राहा को दुनिया के सामने दिखाया था। उनकी प्यारी सी झलक देखकर इंटरनेट पर जैसे बहार आ गई हो। क्यूट सा राहा को देखकर एक ही दिन में सब दीवाने हो गए थे। अब एक बार फिर से आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की बेटी की दूसरी झलक इंटरनेट पर सामने आ गई है। राहा को खूबसूरत अंदाज में देखकर आपका भी दिल करेगा कि बलाएं ले लें। दरअसल नए साल के मौके पर जहां हर बॉलीवुड सेलेब छुट्टियां मनाने गया था, वहीं रणबीर कपूर और आलिया भट्ट भी अपने लाडली बेटी के साथ वेकेशन पर गए थे। अब वे दोनों वापस आ गए हैं और उनके साथ राहा भी हैं। एक नए वीडियो में इस क्यूट सी फैमिली की एक झलक दिखी, जिसमें रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्राइवेट एयरपोर्ट से बाहर निकल रहे थे।

'दुल्हनिया 3' से नहीं हुई आलिया भट्ट की छुट्टी

'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' की रिलीज के लगभग दस साल बाद इसका सीक्वल 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' फिल्म रिलीज की गई थी। वहीं अब इसके छह साल के बाद करण जौहर इस फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त लाने के लिए तैयार हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे दावे किए गए कि 'दुल्हनिया 3' की कास्टिंग में बड़े बदलाव होंगे। कहा गया कि फिल्म में आलिया भट्ट की जगह वरुण धवन के साथ जान्हवी कपूर नजर आएंगी। लेकिन, इस तरह के दावों को करण जौहर ने खारिज कर दिया है। करण जौहर ने आज अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट की इंस्टा स्टोरी पर एक मैसेज लिखा है। इसमें उन्होंने मीडिया से कोई अनुमान न लगाने की गुजारिश की है। बीते दिनों खबर आई थी कि जान्हवी कपूर इस मशहूर फ्रेंचाइजी में आलिया भट्ट की जगह लेकर वरुण के साथ नजर आएंगी।

शिल्पा और सिद्धार्थ का जोरदार एक्शन

मुंबई। फाइनली इंतजार खत्म हुआ। रोहित शेट्टी की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया। सीरीज से शिल्पा शेट्टी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ओटीटी पर डेब्यू भी कर रहे हैं। इसके अन्य कलाकारों में विवेक ओबेरॉय और शरद केलकर हैं। रोहित शेट्टी कॉप यूनिवर्स को एक अलग लेवल पर ले गए हैं। इसकी कहानी दिल्ली पुलिस के अधिकारियों पर है जो एक आतंकी की तलाश कर रही है। उसके बाद पुलिस पर सवाल उठने लगे हैं। सिद्धार्थ, विवेक और शिल्पा की टीम है जो एक आतंकी हमले के बाद उस आतंकवादी को खोजने में जुटी है। ट्रेलर में दिल्ली के कई हिस्सों को दिखाया गया है।

खबर संक्षेप

सरकार ईसीजीसी का दायरा बढ़ाने को इच्छुक

मुंबई। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार ईसीजीसी का दायरा बढ़ाने को इच्छुक है। उन्होंने रत्न एवं आभूषण उद्योग के शीर्ष नेतृत्व से क्षेत्र के निर्यातकों की मदद के लिए एक समिति बनाने को कहा। गोयल ने कहा, 'हमने पूरे कारोबार के लिए ईसीजीसी कवर देना शुरू कर दिया है... हम विस्तार करने के इच्छुक हैं।

वोल्वो कार इंडिया की बिक्री 31 प्रतिशत बढ़ी

मुंबई। स्वीडिश कार निर्माता वोल्वो कार्स की कैलेंडर वर्ष 2023 में भारत में कुल बिक्री 31 प्रतिशत बढ़कर 2,423 इकाई हो गई। कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, वोल्वो कार इंडिया ने 2022 कैलेंडर वर्ष में घरेलू बाजार में 1,851 कार की बिक्री की थी। बयान के अनुसार, ऑल-इलेक्ट्रिक एक्ससी40 रिचार्ज ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया।

मैक्रोटेक की तिमाही बिक्री में 12 फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स की चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बिक्री बुकिंग 12 प्रतिशत बढ़कर 3,410 करोड़ रुपये हो गई। आवासीय संपत्तियों की बेहतर मांग के दम पर यह वृद्धि हुई है। कंपनी की 2022 में समान अवधि में बिक्री बुकिंग 3,040 करोड़ रुपये रही थी।

टाटा ने भारत की सबसे छोटी इलेक्ट्रिक एसयूवी 'टाटा पंच' की अनवील

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- कार की कीमत 10 से 13 लाख के बीच हो सकती है

टाटा मोटर्स ने शुक्रवार को अपनी टाटा पंच ईवी को अनवील कर दिया। कंपनी का दावा है कि यह कार फुल चार्ज पर 300 से 400 किलोमीटर चलेगी। रेंज बैटरी पैक पर निर्भर करेगी। पंच ईवी की बुकिंग आज से शुरू हो गई है। इसे 21,000 रुपए की टोकन मनी देकर बुक किया जा सकता है। टाटा पंच ईवी का मुकाबला सिट्रोएन ईसी3 से होगा। इसे नेक्सॉन ईवी और टियागो ईवी के बीच पोजीशन किया जाएगा। यानी, कीमतें 10 लाख-13 लाख रुपए, एक्स-शोरूम के बीच हो सकती हैं।

कंपनी का दावा फूल चार्ज पर चलेगी 300 से 400 किलोमीटर

इंटीरियर, फीचर्स

पंच ईवी के डैशबोर्ड की हाइलाइट नई 10.25-इंच की इंफोटेनमेंट स्क्रीन है। इसमें10.25 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और बड़े दो-स्पोक स्टीयरिंग व्हील भी है। हालांकि, लोअर वैरिएंट में 7.0 इंच की इंफोटेनमेंट स्क्रीन और डिजिटल क्लस्टर मिलेगा। नेक्सॉन ईवी में मिलने वाला रोटरी ड्राइव सिलेक्टर केवल लॉन्ग रेंज वेरिएंट में उपलब्ध होगा।

360 डिग्री कैमरा होगा

इसके अलावा पंच ईवी में 360-डिग्री कैमरा, लेदरेट सीटें, ऑटो होल्ड के साथ इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक, कनेक्टेड कार टेक, एक वायरलेस चार्जर, वेंटीलेटेड फ्रंट सीटें, क्रूज कंट्रोल और नया आर्केड ईवी ऐप सुइट मिलेगा। ऑप्शन के तौर पर सनरूफ भी उपलब्ध है।

पोर्टफोलियो में चौथी ऑल इलेक्ट्रिक कार : यह भारत की सबसे छोटी इलेक्ट्रिक एसयूवी होने के साथ टाटा के पोर्टफोलियो में चौथी ऑल इलेक्ट्रिक कार है। नेक्सन के बाद टाटा की यह दूसरी इलेक्ट्रिक एसयूवी भी है। यहा टाटा का पहला मॉडल है जिसे जनरेशन 2 ईवी आर्किटेक्चर पर डेवलप किया गया है।

सेफ्टी : वहीं सेफ्टी के लिए इसमें 6 एयरबैग, एबीएस और ईएससी सभी वैरिएंट में मिलेंगे। ब्लाइंड व्यू मॉनिटर, सभी सीटों के लिए तीन-पॉइंट सीट बेल्ट, आयसोफिक्स माउंट और एसओएस फंक्शन मिलता है।

दो वेरिएंट में मिलेगी टाटा पंच ईवी

टाटा पंच ईवी को दो वेरिएंट में उतारा गया हैं - स्टैंडर्ड और लॉन्ग रेंज। स्टैंडर्ड में 25 केडब्ल्यूएच और लॉन्ग रेंज में 35केडब्ल्यूएच बैटरी पैक होने की उम्मीद है। स्टैंडर्ड में केवल 3.3केडब्ल्यू एसी चार्जर मिलता है, जबकि लॉन्ग रेंज में 7.2केडब्ल्यू एसी चार्जर के साथ 150केडब्ल्यू डीसी फास्ट चार्जिंग भी मिलती है।

पांच रंगों में होगी उपलब्ध

स्टैंडर्ड पंच ईवी 5 ट्रिम्स में उपलब्ध है - स्मार्ट, स्मार्ट प्लस, एडवेंचर, एम्पावर्ड और एम्पावर्ड प्लस। इसे 5 डुअल-टोन कलर ऑप्शन में उतारा गया है। वहीं लॉन्ग रेंज में तीन ट्रिम मिलते हैं - एडवेंचर, एम्पावर्ड और एम्पावर्ड प्लस। इसमें 4 डुअल-टोन कलर ऑप्शन मिलते हैं।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने राष्ट्रीय आय के लिए जारी किया अनुमान

भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष में खनन एवं उत्खनन, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के बढ़िया प्रदर्शन की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रह सकती है जबकि एक साल पहले यह 7.2 प्रतिशत थी। शुक्रवार को जारी एक सरकारी अनुमान में यह संभावना जताई गई।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने राष्ट्रीय आय के पहले अग्रिम अनुमान जारी करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन पिछले वित्त वर्ष के 1.3 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 6.5 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। इसी तरह खनन क्षेत्र की वृद्धि चालू वित्त वर्ष में 8.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2022-23 में 4.1 प्रतिशत थी।

पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर 8.9 फीसदी होगी

वित्तीय सेवाओं, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 8.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 7.1 प्रतिशत रही थी। एनएसओ ने एक बयान में कहा, 'वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) यानी 2011-12 की स्थिर कीमतों पर जीडीपी के वर्ष 2023-24 में 171.79 लाख करोड़ रुपये पहुंच जाने का अनुमान है जबकि वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी का अस्थायी 160.06 लाख करोड़ रुपये है।'

आरबीआई के अनुमान से अधिक है

बयान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान वास्तविक जीडीपी में वृद्धि की दर 7.3 प्रतिशत रहेगी जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में इसके 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एनएसओ का यह अनुमान चालू वित्त वर्ष के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान से अधिक है।

आरबीआई ने भी जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाया

रिजर्व बैंक ने पिछले महीने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में 2023-24 के लिए देश की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया था। वित्त वर्ष 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर जीडीपी 296.58 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जबकि 31 मई, 2023 को जारी वर्ष 2022-23 के अस्थायी अनुमानों के मुताबिक जीडीपी 272.41 लाख करोड़ रुपये थी।

सेवाओं की वृद्धि दर 7.7 फीसदी होगी

निर्माण क्षेत्र के चालू वित्त वर्ष में 10.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है जो एक साल पहले 10 प्रतिशत रहा। इसी तरह लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2022-23 के 7.2 प्रतिशत से बढ़कर 7.7 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष में बुनियादी कीमतों पर सकल मूल्य-वर्द्धन (जीवीए) 6.9 प्रतिशत की दर से होने का अनुमान है जो पिछले वित्त वर्ष में सात प्रतिशत रहा।

कृषि क्षेत्र में वृद्धि दर घटने का अनुमान

चालू वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर के घटकर 1.8 प्रतिशत आ जाने का अनुमान जताया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर चार प्रतिशत रही है। इसी तरह व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण सेवाओं की वृद्धि दर के पिछले वित्त वर्ष के 14 प्रतिशत से घटकर 6.3 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है।

- खनन, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में बढ़िया प्रदर्शन
- विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन बढ़कर 6 .5 फीसदी होने का अनुमान
- खनन क्षेत्र की वृद्धि चालू वित्त वर्ष में 8 .1 प्रतिशत रहने का संभावना

अर्थव्यवस्था का आकार 296.58 लाख करोड़ का होगा

एनएसओ के मुताबिक, वर्ष 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर जीडीपी की वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि 2022-23 में यह 16.1 प्रतिशत थी। एनएसओ का कहना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 2023-24 के अंत में 296.58 लाख करोड़ रुपये यानी 3.57 लाख करोड़ डॉलर (83 रुपये प्रति डॉलर के भाव से) हो जाने का अनुमान है।

आरबीआई ने वाणिज्यिक पत्रों के लिए किए नियम सख्त

एजेंसी ⏭ मुंबई

- नए मानकों में छह प्रमुख बदलावों को जगह
- सीपी की अवधि सात दिन से कम व एक वर्ष से अधिक नहीं होगी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक वर्ष तक की अवधि वाले वाणिज्यिक पत्रों (सीपी) और गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) को जारी करने के नियम सख्त कर दिए हैं। एक अप्रैल से लागू होने वाले आरबीआई के नए मानकों में छह प्रमुख बदलावों को जगह दी गई है।

आरबीआई ने कहा कि ऐसे अल्पकालिक वाणिज्यिक पत्र की अवधि सात दिन से कम या एक वर्ष से अधिक नहीं हो सकती है, जबकि एनसीडी की अवधि 90 दिन से कम या एक वर्ष से अधिक नहीं हो सकती है। संशोधित मानकों के तहत, एक अप्रैल से जारी किए जाने वाले वाणिज्यिक पत्रों और गैर-परिवर्तनीय डिबेंचरों का न्यूनतम मूल्य पांच लाख रुपये और उसके बाद पांच लाख रुपये के गुणक में होगा। आरबीआई की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी नए नियमों के मुताबिक, इन दोनों ऋण के साधनों को विकल्पों के साथ जारी नहीं किया जा सकता है जबकि इनका निपटान 'टी प्लस चार' कार्य दिवसों यानी लेन-देन वाले दिन को छोड़कर चौथे दिन करना होगा।

वाणिज्यक पत्र और एनसीडी केवल डिमैट स्वरूप में ही जारी किए जाएंगे और बाजार नियामक सेबी के पास पंजीकृत डिपॉजिटरी के पास रखे जाएंगे। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने जारीकर्ता के लिए इन ऋण साधनों के जरिये जुटाए गए धन के अंतिम उपयोग की जानकारी देना अनिवार्य कर दिया है।

सीपी अंकित मूल्य पर छूट के साथ जारी होंगे

वाणिज्यिक पत्र अंकित मूल्य पर छूट के साथ जारी किए जाएंगे जबकि एनसीडी अंकित मूल्य पर छूट पर या निश्चित या फ्लोटिंग रेट कूपन के साथ जारी किए जाएंगे। आरबीआई के नए मानदंड मुद्रा बाजार से संबंधित विभिन्न निर्देशों की समीक्षा के बाद जारी किए गए हैं।

खोरधा रोड-बलांगीर रेल लाइन की प्रगति को मिली गति

- रेल मंत्री कर रहें हैं योजना की व्यक्तिगत निगरानी

भुवनेश्वर। ओडिशा राज्य मेंपरमृद्धि को पुनः परिभाषित करने वाली जन केंद्रित खोरधा रोड-बलांगीर रेल परियोजना के विकास में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। भूमि अधिग्रहण की चुनौतियों का सामना कर रही खोरधा रोड जंक्शन को बलांगीर से जोड़ने वाली 301 किलोमीटर लंबी यह जीवनरेखा, अब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के रेलवे के सम्पूर्ण विकास के दृष्टिकोण के तहत बाधाओं को पार करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के लगातार प्रयासों के कारण, बाधाएँ दूर हो रही हैं, और परियोजना अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रही है। भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी और भौगोलिक चुनौतियों जैसे मुद्दों के कारण चुनौतियों का सामना करने के बाद, यह परियोजना अब तेजी से पूरा होने की राह पर है।

कुल 301 किमी लंबी परियोजना में से 153 किमी की दूरी तक रेल लाइन बिछाने का काम पहले ही पूरा हो चुका है, जिसमें खोरधा रोड से दशपल्ला तक लगभग 106 किमी और बलांगीर से सोनपुर तक 47 किमी शामिल है। वर्ष 2009 और 2014 के बीच औसत वार्षिक आवंटन 838 करोड़ रुपये की तुलना में ओडिशा के लिए इस वर्ष 10,012 करोड़ रुपये की विकास राशि आबंटित की गई, जो कि लगभग 12 गुना अधिक है।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 623.2 अरब डॉलर

एजेंसी ⏭ मुंबई

- समाप्त सप्ताह में 2 .76 अरब डॉलर की हुई बढ़ोतरी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 2.76 अरब डॉलर बढ़कर 623.2 अरब डॉलर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.47 अरब डॉलर बढ़कर 620.44 अरब डॉलर हो गया था। उल्लेखनीय है कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार अक्टूबर, 2021 में 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

पिछले साल से वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने पूंजी भंडार का उपयोग बाजार में जरूरी हस्तक्षेप के लिए किया। इससे मुद्राभंडार प्रभावित हुआ।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.87 अरब डॉलर बढ़कर 551.61 अरब डॉलर हो गया। डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में घट-बढ़ के प्रभावों को शामिल किया जाता है। रिजर्व बैंक के अनुसार स्वर्ण भंडार का मूल्य 85.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 48.33 अरब डॉलर हो गया।

आईएमएफ के पास रखा देश का भंडार घटा

विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.36 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 20 लाख डॉलर घटकर 4.89 अरब डॉलर रहा।

बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 179 अंक चढ़ा

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 179 अंक चढ़कर बंद हुआ। मुख्य रूप से विदेशी पूंजी प्रवाह के बीच आईटी, पूंजीगत वस्तुओं और प्रौद्योगिकी शेयरों में तेजी से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स दोपहर में कारोबार के दौरान थोड़ी देर फिसला। लेकिन उसके बाद इसमें तेजी से सुधार हुआ और यह अंत में 178.58 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,026.15 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 52.20 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़कर 21,710.80 अंक पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर बीएसई में 214.11 अंक यानी 0.29 और निफ्टी में 20.6 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की गिरावट आई।

गेल ने विटॉल के साथ एलएनजी आयात समझौते पर किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली। भारत की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड ने वर्ष 2026 से अगले 10 साल के लिए नीदरलैंड्स की ऊर्जा कंपनी विटॉल से प्रति वर्ष लगभग 10 लाख टन एलएनजी की खरीद के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। गेल इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'इस सौदे के तहत विटॉल अपने वैश्विक एलएनजी पोर्टफोलियो से भारत में गेल को तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति करेगी।' इस सौदे पर सिंगापुर में हस्ताक्षर किए गए। एलएनजी सतह के नीचे से निकाली जाने वाली प्राकृतिक गैस है जिसे बिना दबाव वाले भंडारण या परिवहन की आसानी और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ठंडा किया जाता है। गेल इस गैस को क्रायोजेनिक जहाजों के जरिये आयात करेगी और इसे उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाने से पहले इसे वापस गैसीय अवस्था में बदला जाएगा।

यूरोप की मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर हुई 2.9 प्रतिशत

एजेंसी ⏭ फ्रैंकफर्ट (जर्मनी)

- लगातार सात माह की गिरावट के बाद आया उछाल
- जर्मनी व फ्रांस में ऊर्जा सब्सिडी समाप्त होने से मुद्रास्फीति बढ़ी

यूरोप की मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 2.9 प्रतिशत हो गई। लगातार सात महीने की गिरावट के बाद फिर से इसमें उछाल आया है। खाद्य वस्तुओं के दाम में तेजी और जर्मनी और फ्रांस में ऊर्जा सब्सिडी समाप्त होने से मुद्रास्फीति बढ़ी है। मुद्रास्फीति बढ़ने से यूरोपीय सेंट्रल बैंक के हाल-फिलहाल ब्याज दर में कटौती करने की संभावना नहीं है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 2.9 प्रतिशत हो गई। यह नवंबर में दर्ज की गई 2.4 प्रतिशत वार्षिक मुद्रास्फीति से अधिक है। हालांकि अक्टूबर 2022 में सर्वाधिक 10.6 प्रतिशत से काफी कम है। ईसीबी अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड ने आगाह किया कि आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति बढ़ सकती है। यूरो मुद्रा का उपयोग करने वाले 20 यूरोपीय देशों के केंद्रीय बैंक ने अपनी नीतिगत ब्याज दर को रिकॉर्ड चार प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत के लक्ष्य तक नीचे लाने के लिए जब तक आवश्यक होगा तब तक इसे वहीं कायम रखा जाएगा।

ब्याज दर पर जल्दबाजी में न ले फैसला

बजेस्की ने कहा कि इससे संकेत मिलता है कि नीतिगत दर में कटौती को लेकर जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं होगा।

ऑडी क्यू ड्राइव का रायपुर में हुआ सफल आयोजन

- आज तक 10,000 से अधिक ग्राहकों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया

रायपुर। जर्मन लक्जरी का निर्माता ऑडी ने विगत दिनों अपने बेहद लोकप्रिय कार्यक्रम 'ऑडी क्यू ड्राइव' का आयोजन रायपुर में किया। रायपुर में ऑडी के शौकीनों ने एसयूवी क्यू 7, क्यू 5 और क्यू 3 के साथ उत्कृष्ट स्टाइल, प्रदर्शन और क्वात्रो टेक्नोलॉजी का अनुभव लिया। ऑडी की क्यू रेंज ब्रांड की स्पोर्टीनेस, सोफेस्टिकेशन और प्रगतिशीलता को रेखांकित करती है। क्यू ड्राइव के माध्यम से ग्राहकों को ऑफ रोडिंग के लिए क्यू रेंज की कार्यप्रणाली, क्षमता और बेहतरीन क्वात्रो प्रणाली का अनुभव प्राप्त होता है।

ऑडी ड्राइविंग एक्सपिरियंस प्रोग्राम के तहत ऑडी क्यू ड्राइव सर्वाधिक प्रचलित कार्यक्रम है। ऑडी एसयूवी की विशेषताओं और क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए देश भर में जगह-जगह स्वनिर्मित ऑफ रोडिंग ट्रेक पर क्यू ड्राइव का आयोजन किया जाता है। इन क्षमताओं के प्रदर्शन के लिए ग्राहक इन स्वनिर्मित ट्रैक पर तरह-तरह की बाधाओं को पार करते हैं जैसे कि ऊँचाई पर चढ़ना, उतरना, कीचड़ से निकलना, एक्सीलेरेशन, ब्रेकिंग, रंबल, एक्सेल ट्विस्टिंग और विशेष तिरछे कोण पर गाड़ी चलाना। ग्राहक इन परिस्थितियों से स्वयं गाड़ी चलाते हुए निकलते हैं तो उन्हें ऑडी की क्वात्रो टेक्नोलॉजी का अनुभव एवं विषम परिस्थितियों में गाड़ी के प्रदर्शन का भरोसा मिलता है। भारत में यह प्रोग्राम शुरु करने से लेकर अब तक 10,000 से अधिक ग्राहकों ने इसके रोमांच का अनुभव लिया है।

एसएमसी हॉस्पिटल का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजन कल से

रायपुर। एसएमसी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर व महाराष्ट्र मंडल के संयुक्त तत्वधान में रविवार 7 जनवरी को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शहर के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश सुर्यवंशी, इन्फर्टिली स्पेशलिस्ट डॉ. प्रज्ञा सुर्यवंशी, ज्वांइट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. सौरभ खरे, न्यूरोसर्जन डॉ. घनश्याम सासापरदी, लैप्रोस्कोपिक व लेजर सर्जन डॉ. वैभव सिंग, ग्रेस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ. संजय अग्रवाल जैसे डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे।

इस शिविर में विभिन्न जांचे जैसे बी.पी./शुगर जांच, ई.सी.जी., लिपिड प्रोफाइल, एचबीए1 सी. आदि पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। हृदय रोग, निसंतान दंपत्ति, पेट रोग/ लिवर, मस्तिष्क रोग/ लकवा रोग, किडनी रोग/ डॉयलिसिस, अस्थि रोग, जोड़ प्रत्यारोपण, हर्निया/पाइल्स/ पित्त थैली की पथरी, सर्जिकल समस्याएं से पीड़ित रोगी निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते है।

सरकार घटिया वस्तुओं के आयात पर लगा रही अंकुश

बिजली के सामान के लिए अनिवार्य गुणवत्ता मानदंड लागू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने आदेश जारी किया गया

सरकार ने घटिया वस्तुओं के आयात पर अंकुश लगाने तथा इन वस्तुओं के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'स्विच-सॉकेट-आउटलेट' और 'केबल ट्रंकिंग' जैसे बिजली के सामान के लिए अनिवार्य गुणवत्ता मानदंड जारी किए हैं।

इस संबंध में उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा इस एक जनवरी 2024 को विद्युत सहायक उपकरण (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश 2023 जारी किया गया। वस्तुओं का उत्पादन, बिक्री, व्यापार, आयात और भंडारण तब तक नहीं किया जा सकता जब तक कि उन पर भारतीय मानक ब्यूरो का चिह्न न हो।

पहली बार अपराध करने पर दो साल तक कैद

बीआईएस अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर पहली बार अपराध करने पर दो साल तक की कैद या कम से कम दो लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। उपयोगकर्ताओं और निर्माताओं के बीच गुणवत्ता संवेदनशीलता विकसित करने के लिए विभाग द्वारा क्यूसीओ के विकास सहित विभिन्न पहल की जा रही हैं।

आयात पर अंकुश लग पाएंगा : गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं और उत्पाद नियमावली बनाने के साथ ये पहल देश में एक गुणवत्ता पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद करेगी। अनिवार्य क्यूसीओ घटिया उत्पादों के आयात पर अंकुश लगाने, अनुचित व्यापार प्रक्रियाओं को रोकने और उपभोक्ताओं के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा तथा कल्याण सुनिश्चित करने में मदद करते हैं।

पहले स्मार्ट मीटर, पंखे से लिए आदेश जारी : इससे पहले स्मार्ट मीटर, वेल्डिंग रॉड और इलेक्ट्रोड, कुकवेयर तथा बर्तन, आग बुझाने वाले यंत्र, बिजली के छत पंखे और घरेलू गैस स्टोव सहित कई वस्तुओं के लिए ऐसे आदेश जारी किए गए हैं।

आदेश अनुपालन में छूट दी गई

डीपीआईआईटी ने कहा कि यह आदेश अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह महीने बाद लागू होगा। इसमें कहा गया, 'इस आदेश में कुछ भी, निर्यात के लिए घरेलू स्तर पर निर्मित वस्तुओं लागू नहीं होगा।' लघु, कुटीर एवं मझौले (एमएसएमई) क्षेत्र की सुरक्षा के लिए आदेश के अनुपालन में छूट दी गई है।

छोटे उद्योगों को मिलेगा नौ माह का समय

छोटे उद्योगों को नौ महीने का अतिरिक्त समय दिया गया है, जबकि सूक्ष्म उद्यमों को 12 महीने का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। डीपीआईआईटी बीआईएस और हितधारकों के परामर्श से गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) को अधिसूचित करने के लिए प्रमुख उत्पादों की पहचान कर रहा है।

भारत चिरप्रतिद्वंद्वी पाक से नौ जून को भिड़ेगा

नई दिल्ली (भाषा)। भारत और पाकिस्तान के बीच रोमांचक क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता नौ जून को आईसीसी टी-20 विश्व कप 2024 के ग्रुप ए मैच में देखने को मिलेगी जिसमें दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीम न्यूयॉर्क में एक दूसरे के सामने होंगी। टूर्नामेंट का कार्यक्रम शुक्रवार को जारी हुआ जिसमें भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत पांच जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ मैच से करेगा।

टी-20 विश्व कप

- **ग्रुप ए** - भारत, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, अमेरिका।
- **ग्रुप बी** - इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, नामीबिया, स्कॉटलैंड, ओमान।
- **ग्रुप सी** - न्यूज़ीलैंड, वेस्ट इंडीज, अफगानिस्तान, युगांडा, पापुआ न्यू गिनी।
- **ग्रुप डी** - दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश, नीदरलैंड, नेपाल।

पाकिस्तान से खेलने के बाद भारत 12 जून को न्यूयॉर्क में सह मेजबान अमेरिका से भिड़ेगा और फिर कनाडा के खिलाफ 15 जून को अपना अंतिम ग्रुप मैच खेलने के लिए फ्लोरिडा रवाना होगा। वेस्ट इंडीज और अमेरिका टूर्नामेंट की संयुक्त मेजबानी कर रहे हैं। इसमें 20 टीम खेलेंगी जिन्हें पांच-पांच के चार ग्रुप में बांटा गया है। इससे यह अब तक का सबसे बड़ा टी-20 विश्व कप बन गया है। आस्ट्रेलिया में 2022 में हुए पिछले चरण 16 टीम ने हिस्सा लिया था।

टूर्नामेंट की शुरुआत एक जून को अमेरिका और कनाडा के बीच मैच से होगी। सेमीफाइनल 26 जून को गुयाना और 27 जून को त्रिनिदाद में होंगे जबकि फाइनल मैच बारबाडोस में 29 जून को खेला जाएगा। इंग्लैंड मौजूदा चैंपियन है जिसने नवम्बर 2022 में मेलबर्न में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था। ग्रुप चरण के मैच एक से 18 जून तक जबकि सुपर 8 मैच 19 से 24 जून तक खेले जाएंगे। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सुपर 8 में जगह बनाएंगी। फिर इन टीम को चार-चार के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। सुपर 8 के प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। वेस्ट इंडीज में छह और अमेरिका में तीन स्टेडियम में कुल 55 खेले जाएंगे।

कोहली व जडेजा सोबर्स ट्रॉफी और अश्विन सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर की दौड़ में

आईसीसी सालाना पुरस्कार

दुबई (भाषा)। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और शीर्ष ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में हैं। कोहली और जडेजा को सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के लिए आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और टीम के उनके साथी ट्रेविस हेड से चुनौती मिलेगी।

आईसीसी ने शुक्रवार को कहा कि अश्विन को हेड और आस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी उस्मान ख्वाजा के अलावा इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जो रूट से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। कोहली ने 2023 में टेस्ट और वनडे में 35 मैच में 2048 रन बनाए जिसमें विश्व कप के दौरान महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ने वाला 50वां वनडे शतक भी शामिल है।

जडेजा ने 35 मैच में 613 रन बनाने के अलावा 66 विकेट लिए। उन्होंने पिछले साल की शुरुआत में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 विकेट चटकाए थे। कमिंस ने 24 मैच में 422 रन बनाए और 59 विकेट लिए। उनकी अगुआई में आस्ट्रेलिया ने एशेज, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और वनडे विश्व कप में खिताब जीता। हेड 2023 में बल्ले से जोरदार फॉर्म में थे। उन्होंने 31 मैच में 1698 रन बनाए जिसमें भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल और वनडे विश्व कप फाइनल में शतक भी शामिल हैं।

विराट कोहली

रविंद्र जडेजा

आर. अश्विन

इस बीच भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर अश्विन ने आईसीसी रैंकिंग में साल का अंत शीर्ष टेस्ट गेंदबाज के रूप में किया। उन्होंने 17.02 की शानदार औसत से 41 विकेट लिए। उन्होंने इस दौरान टेस्ट में किसी भी गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक चार बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की सफलता में रूट का योगदान उल्लेखनीय था। उन्होंने आठ टेस्ट मैचों में 65.58 की दमदार औसत के साथ 787 रन बनाए।

आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ख्वाजा पिछले साल सबसे लंबे प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर रहे। उन्होंने 52.60 की औसत से 1210 रन बनाए जिसमें तीन शतक शामिल थे। आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर की राशेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी के लिए चामरी अटापट्टू (श्रीलंका), एशले गार्डनर (आस्ट्रेलिया), बेथ मूनी (आस्ट्रेलिया) और नैट स्किवर-ब्रंट (इंग्लैंड) को नामांकित किया गया है।

भारत की आस्ट्रेलिया पर नौ विकेट से जीत

महिला क्रिकेट पहला टी-20

- **टिटास साधू ने 17 रन देकर झटके चार विकेट**
- **स्मृति मंधाना (54 रन) और शेफाली वर्मा (नाबाद 64 रन) ने पहले विकेट के लिए की 137 रन की साझेदारी**

नवी मुंबई (भाषा)। भारतीय महिला टीम ने टिटास साधू (17 रन देकर चार विकेट) के कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (54 रन) और शेफाली वर्मा (नाबाद 64 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी की बदौलत शुक्रवार को पहले टी-20 मैच में आस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर तीन मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनायी।

साधू के गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत भारत ने आस्ट्रेलिया को 19.2 ओवर में 141 रन पर समेट दिया। इसके बाद मंधाना और शेफाली के अर्धशतकों से 17.4 ओवर में एक विकेट पर 145 रन बनाकर नौ विकेट से जीत हासिल की। यह विकेट के लिहाज से भारत की आस्ट्रेलिया पर सबसे बड़ी जीत है। शेफाली आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले दो वनडे में नहीं खेल सकीं थी। उन्होंने 44 गेंद में छह चौके और तीन छक्के से नाबाद 64 रन बनाकर टी-20 में पांचवां अर्धशतक जड़ा।

मंधाना भी शानदार लय में दिखीं, उन्होंने 52 गेंद की पारी में सात चौके और एक छक्के से अपना 27वां अर्धशतक और आस्ट्रेलिया के खिलाफ सातवां अर्धशतक जमाया। शेफाली और मंधाना के बीच पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी भारत की दूसरी सर्वश्रेष्ठ सलामी भागीदारी है। आस्ट्रेलियाई टीम ने यह साझेदारी तब तोड़ी जब भारतीय टीम जीत के करीब पहुंच गयी थी।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ साधू का यह प्रदर्शन किसी भी भारतीय गेंदबाज का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। इससे पहले एक दशक पहले झूलन गोस्वामी ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 रन देकर पांच विकेट झटके थे। वहीं मंधाना कप्तान हरमनप्रीत कौर के बाद 3,000 रन का आंकड़ा पार करने वाली दूसरी भारतीय और महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय में कुल छठी बल्लेबाज बनीं।

इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत काफी अजीब रही क्योंकि पहले ओवर में बने 14 रन में से एक भी रन खिलाड़ी के बल्ले से नहीं बना। इसके बाद मंधाना और शेफाली के बल्ले ने कमाल कर दिखाया। इससे पहले साधू के अलावा दीप्ति शर्मा ने 24 रन देकर दो श्रेयंका पाटिल ने 19 रन देकर दो विकेट झटके। साधू के शुरुआती तीन विकेट झटकने के बाद फोबे लिचफील्ड (49 रन) और एलिसे पैरी (37 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी निभाकर आस्ट्रेलिया को इस स्कोर तक पहुंचाया।

टिटास ने पावरप्ले में अपने पहले स्पैल में तीन ओवर में आठ रन देकर तीन विकेट झटके, जिसमें उन्होंने बेथ मूनी (17), तहलिया मैकग्रा (शून्य) और एशले गार्डनर (शून्य) के विकेट लिए। दाएं हाथ की 19 साल की इस तेज गेंदबाज ने अपने अंतिम ओवर (पारी का 18वां) में अनाबेल सदरलैंड (12) के रूप में अपना चौथा विकेट हासिल किया।

मुंबई : आस्ट्रेलिया की एशले गार्डनर को आउट करने पर टिटास को बधाई देतीं साथी।

स्कोर बोर्ड

आस्ट्रेलिया -	
एलिसा हीली का. हरमनप्रीत बो. रेणुका	08
बेथ मूनी का. हरमनप्रीत बो. साधू	17
तहलिया मैकग्रा का. वस्त्राकर बो. साधू	00
एलिसे पैरी का. अमनजोत बो. दीप्ति	37
एशले गार्डनर का. एंड बो. साधू	00
लिचफील्ड का. हरमनप्रीत बो. अमनजोत	49
ग्रेस हैरिस पगबाधा बो. पाटिल	01
अनाबेल सदरलैंड का. हरमनप्रीत बो. साधू	12
जॉर्जिया वारेहैम का. अमनजोत बो. पाटिल	05
मेगान शट पगबाधा बो. दीप्ति	01
डार्सी ब्राउन (नाबाद)	00
अतिरिक्त -	11
कुल - (19.2 ओवर में सभी आउट)	141

विकेटपतन - 1/28, 2/32, 3/32, 4/33, 5/112, 6/119, 7/135, 8/135, 9/137

गेंदबाजी - रेणुका सिंह 4-0-24-1, पूजा वस्त्राकर 2-0-28-0, टिटास साधू 4-0-17-4, श्रेयांका पाटिल 3.2-0-19-2, दीप्ति शर्मा 4-0-24-2, अमनजोत कौर 2-0-23-1

भारत -	
स्मृति मंधाना का. मैकग्रा बो. वारेहैम	54
शेफाली वर्मा (नाबाद)	64
जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद)	06
अतिरिक्त -	21
कुल - (17.4 ओवर में एक विकेट पर)	145

गेंदबाजी - डार्सी ब्राउन 2-0-10-0, मेगान शट 4-0-26-0, अनाबेल सदरलैंड 2-0-21-0, एशले गार्डनर 4-0-24-0, तहलिया मैकग्रा 2-0-31-0, जॉर्जिया वारेहैम 3.4-0-20-1

संक्षिप्त खबरें

युकी भांबरी-रॉबिन हासे की जोड़ी सेमीफाइनल में

ब्रिस्बेन। भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी और उनके जोड़ीदार रॉबिन हासे ने शुक्रवार को यहां नाथानियल लैमन्स और जैक्सन विथ्रो की अमेरिकी जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर ब्रिस्बेन अंतरराष्ट्रीय एटीपी टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत-नीदरलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 36 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में 7-6 (5), 7-6 (6) से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में भांबरी-हासे की जोड़ी का सामना इंग्लैंड के लॉयड ग्लासपूल और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।

अखिल भारतीय स्नूकर में हिस्सा लेंगे पंकज आडवाणी

मुंबई। कई बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी छह से 19 जनवरी तक यहां होने वाले अखिल भारतीय स्नूकर ओपन में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में शामिल होंगे। टूर्नामेंट में पिछले साल के विजेता लक्ष्मण रावत, उप विजेता आदित्य मेहता और राष्ट्रीय चैंपियन सौरव कोठारी भी शिरकत करेंगे। देश के कई अन्य स्नूकर खिलाड़ी भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट 32 खिलाड़ियों के क्वालीफाइंग ड्रॉ से शुरू होगा जो मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश करने वाले 32 खिलाड़ियों के साथ जुड़ जाएंगे। मुख्य ड्रॉ 13 जनवरी से शुरू होगा।

कोको गॉफ और एम्मा नवारो सेमीफाइनल में

ऑकलैंड। यूएस ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने वर्षा से प्रभावित क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को फ्रांस की वारवरा ग्रेचेवा को सीधे सेट में हराकर ऑकलैंड टेनिस क्लासिक टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। शीर्ष वरीय कोको गॉफ ने सिर्फ 52 मिनट में मुकाबला 6-1, 6-1 से जीता। सेमीफाइनल में कोको गॉफ की भिड़ंत हमवतन अमेरिकी एम्मा नवारो से होगी जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की पेत्रा मार्टिच को 6-4, 6-3 से हराया।

आस्ट्रेलिया टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा

दुबई (भाषा)। केपटाउन में सात विकेट की जीत से दक्षिण अफ्रीका से दो मैच की सीरीज ड्रा कराने के बावजूद भारत को शुक्रवार को जारी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया ने शीर्ष स्थान से हटा दिया। आस्ट्रेलिया ने अपनी सरजमीं पर चल रही तीन मैच की सीरीज में पाकिस्तान पर 2-0 की अजेय बढ़त बनायी हुई है जिसकी मदद से टीम रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंचने में सफल रही। सीरीज का तीसरा मैच सिडनी में खेला जा रहा है।

आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार, 'आस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर चल रही सीरीज में शानदार प्रदर्शन ने एक बार फिर नंबर एक टेस्ट टीम बनने में मदद की। पिछली बार आस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी फाइनल की जीत के बाद थोड़े समय के लिये शीर्ष पर रहा था।' रैंकिंग में पिछले अपडेट में भारत के पास आस्ट्रेलिया के साथ 118 रेटिंग अंक बराबर होने के बावजूद ज्यादा अंक थे। लेकिन दक्षिण अफ्रीका से दो मैच की सीरीज 1-1 से बराबर रहने के कारण भारतीय टीम आस्ट्रेलिया से पिछड़ गयी।

कर्नाटक ने पंजाब पर शिकंजा कसा

रणजी ट्रॉफी

हुबली (भाषा)। तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक के सात विकेट और देवदत्त पडिक्कल के नाबाद अर्धशतक की मदद से कर्नाटक ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के पहले दिन पंजाब पर शिकंजा कस दिया। कौशिक ने 41 रन देकर सात विकेट चटकाए जिससे पंजाब की टीम पहली पारी में 152 रन पर सिमट गई। पंजाब के लिए नेहल वढेरा ने 79 गेंद में 44 रन की पारी खेली। मेजबान टीम इसके जवाब में पडिक्कल की नाबाद 80 रन की पारी से स्टंप तक तीन विकेट पर 142 रन बनाकर बढ़त हासिल करने के करीब पहुंच गई है।

उधर, चंडीगढ़ में तेज गेंदबाज युवराज सिंह ने 10 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे रेलवे ने चंडीगढ़ को सिर्फ 96 रन पर ढेर कर दिया। रेलवे ने इसके जवाब में खराब रोशनी के कारण दिन का खेल जल्दी समाप्त होने तक बिना विकेट खोए 73 रन बना लिए हैं। शिवम चौधरी 45 जबकि विवेक सिंह 28 रन बनाकर खेल रहे हैं।

मजूमदार का शतक, बंगाल के चार विकेट पर 289 रन

विशाखापट्टनम (भाषा)। अनुस्तुप मजूमदार ने पिछले सत्र की शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शतक जड़ा जिससे बंगाल ने आंध्र के खिलाफ ग्रुप बी मैच में स्टंप तक चार विकेट पर 289 रन बनाए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए बंगाल ने 62 रन पर दो विकेट गंवा दिए। पिछले सत्र में टीम के सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले मजूमदार (125 रन) ने सलामी बल्लेबाज सौरव पॉल (96 रन) के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी निभायी।

वहीं अल्लापुझा में उत्तर प्रदेश ने केरल के खिलाफ पांच विकेट पर 244 रन बना लिए। रिंकू सिंह 71 और ध्रुव जुरेल 54 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। पटना में एक अन्य मैच में मुंबई ने भूपेन लालवानी (65 रन), सुवेद पारकर (50 रन), तनुष कोटियान (50 रन) के अर्धशतकों से स्टंप तक नौ विकेट गंवाकर 235 रन बनाए। बिहार के लिए वीर प्रताप सिंह ने 32 रन देकर चार विकेट चटकाए।

उत्तराखंड के खिलाफ मप्र के सात विकेट पर 291 रन

देहरादून (भाषा)। वेंकटेश अय्यर की 89 रन की पारी की मदद से मध्य प्रदेश ने उत्तराखंड के खिलाफ ग्रुप डी मैच में सात विकेट पर 291 रन बनाए। सुबह के सत्र में मध्य प्रदेश ने 72 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे लेकिन अय्यर की 13 चौके जड़ित 110 गेंद की पारी से उबरने में सफल रही। अय्यर को सारांश जैन के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला। स्टंप तक सारांश 87 रन बनाकर खेल रहे हैं और दूसरे छोर पर अनुभव अग्रवाल ने 12 रन बना लिए हैं। उत्तराखंड के लिए राजन कुमार और मयंक मिश्रा ने दो-दो विकेट झटके। दिल्ली में चल रहे मैच में केवल 19 ओवर ही डाले जा सके जिसमें घरेलू टीम ने चार विकेट गंवाकर 40 रन बनाए। पुडुचेरी के लिए गौरव यादव और अबिन मैथ्यू ने दो-दो विकेट चटकाए। दिल्ली के कप्तान यश धुल दो रन बनाकर आउट हुए जबकि उनके सलामी जोड़ीदार लक्ष्य थरेजा ने 19 रन बनाए।

हेजलवुड ने आस्ट्रेलिया की करायी वापसी

तीसरा टेस्ट

- **पाकिस्तान ने दूसरी पारी में 68 रन पर गंवाए सात विकेट, कुल बढ़त 82 रन**
- **हेजलवुड ने झटके चार विकेट**

सिडनी (एपी)। तेज गेंदबाज आमिर जमाल ने छह विकेट चटकाकर पाकिस्तान को शुक्रवार को यहां तीसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में बढ़त दिलाई लेकिन आस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने जोरदार वापसी करते हुए मेजबान टीम का पलड़ा भारी रखा।

आस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने तीसरे दिन स्टंप से पहले के सत्र में 68 रन तक पाकिस्तान के सात विकेट चटकाकर उसे एक और संभावित हार की ओर धकेल दिया। जोश हेजलवुड नौ रन देकर चार विकेट चटका चुके हैं जबकि मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और ट्रेविस हेड के खाते में एक-एक विकेट आया।

पाकिस्तान की कुल बढ़त 82 रन की है। दिन का खेल खत्म होने पर मोहम्मद रिजवान छह रन बनाकर खेल रहे थे जबकि जमाल ने अभी खाता नहीं खोला है। पाकिस्तान की दूसरी पारी में सैम अयूब (33) और बाबर आजम (23) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए हैं। पाकिस्तान ने आस्ट्रेलिया में अपना पिछला टेस्ट 1995 में यहां सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ही जीता था। जमाल ने इससे पहले 69 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान ने आस्ट्रेलिया को 299 रन पर समेटकर पहली पारी में 14 रन की बढ़त हासिल की। आस्ट्रेलिया ने अंतिम चार विकेट 10 रन जोड़कर गंवाए।

आस्ट्रेलिया ने दिसम्बर 2020 के बाद पहली बार घरेलू टेस्ट में पहली पारी में बढ़त गंवाई है। जमाल ने चाय के विश्राम के बाद मिशेल मार्श (54) को मिड ऑफ पर शान मसूद के हाथों कैच कराया। उन्होंने इसके बाद आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को खाता खोले बिना पैवेलियन भेजा और फिर अपने अगले ओवर में लियोन (05) और हेजलवुड (00) को आउट करके आस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया। जमाल ने इससे पहले उस्मान ख्वाजा (47) और हेड (10) को भी पैवेलियन की राह दिखाई थी।

आस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 116 रन से की थी। मार्नस लाबुशेन (60) ने 23 रन से आगे खेलते हुए अर्धशतक जड़ा लेकिन स्टीव स्मिथ (38) और एलेक्स कैरी (38) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील करने में नाकाम रहे।

सिडनी : पाकिस्तान की दूसरी पारी में एक ही ओवर में तीन विकेट झटकने पर खुशी मनाते आस्ट्रेलिया के गेंदबाज जोश हेजलवुड।

डीएसए लीग : फ्रेंड्स ने तरुण संघा को रौंदा

नई दिल्ली। दिल्ली प्रीमियर लीग में शुक्रवार का दिन फुटबाल के साथ मजाक जैसा रहा। दिन के पहले मैच में फ्रेंड्स यूनाइटेड ने तरुण संघा को 7- 2 से पीट दिया तो दूसरे मैच में गढ़वाल हीरोज एफसी के खिलाफ दिल्ली एफसी के मात्र सात खिलाड़ी मैदान में उतरे और एक खिलाड़ी के चोटिल होते ही सात मिनट में खेल समाप्त हो गया।

लीग की दो फिसड्डी टीमों के बीच खेला गया मैच इसलिए तमाशा बन गया क्योंकि फ्रेंड्स यूनाइटेड ने दनादन सात गोल ठोक डाले। अक्षय हुरिया और हितेश ने दो-दो गोल किए। लुंगदिम, अभय और अजय ने एक-एक गोल का योगदान दिया। तरुण संघा के लिए जाय मेसी और श्याम कुमार ने गोल किए।

दिन के दूसरे मैच में दिल्ली एफसी ने सात खिलाड़ी मैदान में उतारे जबकि गढ़वाल हीरोज पूरे दम खम से मैदान में थी। सात मिनट ही हुए थे कि डीएफसी का गोली प्रणब डेका चोटिल होकर बाहर आ गया। इसके साथ ही पर्याप्त खिलाड़ी नहीं होने के कारण मैच समाप्त घोषित कर दिया गया। डीएफसी के अनुसार उसके अधिकांश खिलाड़ी अन्य आयोजनों में व्यस्त है।

मेलबर्न स्टार्स के विकेटकीपर हार्पर को सिर में लगी चोट

मेलबर्न (भाषा)। बिग बैश लीग की टीम मेलबर्न स्टार्स के विकेटकीपर सैम हार्पर को शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर ट्रेनिंग सत्र के दौरान सिर में चोट लगने के बाद अस्पताल ले जाया गया। हार्पर सिर में चोट लगने के बाद होश में थे और उनकी हालत स्थिर है। उन्हें एंबुलेंस में अस्पताल ले जाया गया जहां रात को उनके स्कैन किए जाएंगे। हार्पर के क्लब ने बयान में कहा कि जानकारी मिलने पर वह खिलाड़ी के स्वास्थ्य को लेकर अपडेट देंगे।

मेलबर्न स्टार्स ने बयान में कहा, 'आज शाम एमसीजी में ट्रेनिंग के दौरान बल्लेबाजी करते समय सैम हार्पर के सिर में चोट लग गई और उन्हें बाद में अस्पताल ले जाया गया।' क्लब ने कहा, 'हम चाहते हैं कि आप इस समय उनकी निजता का सम्मान करें। क्लब जानकारी मिलने पर आगे के अपडेट उपलब्ध कराएगा।' इस बीच 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' की खबर के अनुसर हार्पर 'क्रॉस-बैट' शॉट खेलने का प्रयास कर रहे थे जब गेंद उनकी ठोढी पर लगी जिससे बड़ा कट लग गया।

डेविड वार्नर की 'बैगी ग्रीन' कैप मिली

सिडनी (भाषा)। आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने राहत की सांस ली और आभार व्यक्त करते हुए शुक्रवार को खुलासा किया कि उनकी 'बैगी ग्रीन' यहां रहस्यमयी तरीके से टीम होटल में मिल गई। आस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरे दिन के खेल की शुरुआत से पहले वार्नर ने इंस्टाग्राम पर खुलासा किया कि उनकी दो बैगी ग्रीन कैप मिल गई हैं।

वार्नर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में कहा, 'सभी को नमस्कार, मैं आप सभी को यह बताते हुए बेहद खुशी और राहत महसूस कर रहा हूं कि मेरी बैगी ग्रीन मिल गई हैं।' उन्हेंने कहा, 'कोई भी क्रिकेटर जानता है कि वह टोपी कितनी खास है और मैं इसे जीवन भर संजोकर रखूंगा। मैं इसे ढूंढने में शामिल सभी लोगों का बहुत आभारी हूं।'

उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ दिनों से मेरे कंधों पर बोझ था जो उतर गया है इसलिए मैं इसकी सराहना करता हूं। इसमें शामिल सभी लोगों को धन्यवाद।' क्रिकेट आस्ट्रेलिया के बयान के अनुसार, 'जिस बैग में उन्हें रखा गया था वह टीम होटल (सिडनी में) में पाया गया जिसमें सारा सामान था।' हालांकि यह उन्हें कैसे मिला यह अब भी एक रहस्य है। सीए ने कहा, 'व्यापक खोज और कई स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा और मंगलवार से कई पक्षों के प्रयासों के बावजूद नहीं पता कि लापता बैग वहां कैसे पहुंचा।'

ओलंपिक क्वालीफायर हमारे लिए करो या मरो का मुकाबला

- **भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान ने कहा, हम चुनौती के लिए तैयार**

रांची (भाषा)। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता के अनुसार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत ने ओलंपिक क्वालीफायर से पहले भारत का मनोबल बढाया है और उन्होंने टीम की अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया कि वे टीम को पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई कराने में मदद करेंगी। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में सविता ने कहा, 'टीम प्रेरित है, विशेषकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद।'

उन्होंने कहा, 'हमारी तैयारियां पूरी हैं और टीम में ऐसी खिलाड़ी शामिल हैं जो अतीत में ओलंपिक क्वालीफायर खेल चुकी हैं और क्वालीफाई करने के लिए प्रदर्शन के आवश्यक स्तर को अच्छी तरह से समझती हैं। यह हमारे लिए करो या मरो का टूर्नामेंट है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।' टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीम पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करेंगी।

टूर्नामेंट में मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी, एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य को पूल ए में रखा गया है जबकि मेजबान भारत अमेरिका, न्यूजीलैंड और इटली के साथ पूल बी में है। भारत की उप कप्तान निक्की प्रधान ने कहा, 'टीम की हर सदस्य ओलंपिक खेलों में भाग लेना चाहती है। यह उनका सपना है और इस सप्ताह की शुरुआत में रांची पहुंचने के बाद हमने मैदान पर कुछ अच्छे ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया है।' भारत अपने शुरुआती मैच में 13 जनवरी को अमेरिका से भिड़ेगा। उसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलेगा। एक दिन के आराम के बाद भारत 16 जनवरी को इटली से खेलेगा।

मौसमी फ्लू क्या है?

इसमें दरवाजे के नॉब, डेस्क, कंप्यूटर और फोन जैसी चीजें शामिल हैं।

फ्लू से पीड़ित किसी व्यक्ति के हाथ या चेहरे को छूने से, फिर अपने चेहरे, नाक, मुंह या आंखों को छूने से।

लक्षण

फ्लू के लक्षण आमतौर पर एक्सपोज़र के एक से चार दिन बाद दिखना शुरू होते हैं। अधिकांश लोग कुछ दिनों से बीमार हैं।

विशिष्ट लक्षणों में बुखार, ठंड लगना, दर्द, खांसी और गले में खराश शामिल हैं। उल्टी या दस्त जैसे आंत संबंधी लक्षण संभव हैं लेकिन कम आम हैं।

मौसमी फ्लू कभी-कभी निमोनिया, अस्पताल में भर्ती होने या मृत्यु जैसी गंभीर जटिलताओं का कारण बनता है।

रोकथाम और इलाज

फ्लू से बचाव में मदद करने वाली स्वस्थ आदतें

निकट संपर्क से बचें. जो लोग बीमार हैं उनके निकट संपर्क से बचें।

डॉ. अशोक झिंगन

जब आप बीमार हों तो घर पर रहें। अपना मुंह और नाक ढकें। अपने हाथ साफ करो। अपनी आंखों, नाक या मुंह को छूने से बचें। सर्दियों में श्वसन संबंधी बीमारियां अधिक क्यों होती हैं? यह सब शुष्क हवा में वापस आता है। शुष्क, ठंडी हवा वायुमार्ग को संकीर्ण कर सकती है और फेफड़ों में जलन पैदा कर सकती है, जिससे सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। ठंडी हवा हमारे निचले वायुमार्गों में मौजूद नमी की परत को भी बाधित कर सकती है, जिससे इसे बदलने से पहले सामान्य से अधिक तेजी से वाष्पीकरण हो सकता है। इसके अलावा, ठंड के मौसम में गले की सुरक्षा परत बलगम भी सामान्य से अधिक चिपचिपा और गाढ़ा हो जाता है। इससे वायुमार्ग अवरुद्ध हो सकता है और संक्रमण या सर्दी लगने की संभावना बढ़ सकती है। सर्दियों में सांस लेने की समस्या पैदा करने वाले अन्य कारकों में शामिल हैं-

-प्रदूषण
-धुंध
-धुआं और धूल के कण
-मौसमी एलर्जी

सर्दियों में फ्लू क्यों बढ़ता है?

इन्फ्लूएंजा जैसे वायरस मुंह और नाक के माध्यम से प्रवेश करते हैं, लेकिन हमारे नासिका मार्ग में आमतौर पर उनके खिलाफ मजबूत सुरक्षा होती है। हालांकि, ठंडा मौसम हमारी नाक में मौजूद बलगम को साफ करने की हमारी क्षमता को धीमा कर देता है, जिससे वायरस के लिए हमारे शरीर को संक्रमित करना आसान हो जाता है।

संक्रमण का जोखिम इस आधार पर भी बढ़ सकता है कि हम सर्दियों के दौरान अपना अधिकांश समय कहां बिताते हैं- घर के अंदर, ऐसे स्थानों में जो आदर्श से कम वेंटिलेशन और तंग व्यक्तिगत स्थान प्रदान कर सकते हैं। हीटिंग सिस्टम इनडोर वायु को शुष्क भी बनाते हैं। ये स्थितियां श्वसन वायरस के संचरण को बहुत प्रभावित कर सकती हैं।

यदि इलाज न किया जाए तो फ्लू किस प्रकार की बीमारियों का कारण बन सकता है?

फ्लू से पीड़ित अधिकांश लोग कुछ दिनों से लेकर दो सप्ताह से भी कम समय में ठीक हो जाएंगे, लेकिन कुछ लोगों में फ्लू के परिणामस्वरूप जटिलताएं (जैसे निमोनिया) विकसित हो जाएंगी, जिनमें से कुछ जीवन के लिए खतरा हो सकती हैं और परिणामस्वरूप मृत्यु हो सकती है।

साइनस और कान में संक्रमण फ्लू से होने वाली मध्यम जटिलताओं के उदाहरण हैं, जबकि निमोनिया एक गंभीर फ्लू जटिलता है जो अकेले फ्लू वायरस संक्रमण या फ्लू वायरस और बैक्टीरिया के सह-संक्रमण के परिणामस्वरूप हो सकती है।

सर्दियों में गर्माहट देने वाला रूम हीटर
हो सकता है जानलेवा



सर्दियों के मौसम की हड्डियां जमा देने वाली ठंडी हवा से बचने के लिए हम कई तरीके अपनाते हैं। मोटे-मोटे स्वेटर पहनना, गर्म-गर्म चाय और हीटर चलाकर, रजाई में घुसकर बैठने से बेहतर और कुछ नहीं लगता। लेकिन आपका रूम हीटर जितना आरामदेह लगता है, उतना ही हानिकारक भी हो सकता है। यह इतना खतरनाक हो सकता है कि इसकी वजह से जान जाने तक का खतरा भी रहता है। आइए जानते हैं रूम हीटर के इस्तेमाल से क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं।

आंखों में इरिटेशन

रूम हीटर के इस्तेमाल से आपके कमरे की हवा ड्राई हो सकती है। सर्दियों में हवा में पहले से ही कम नमी होती है, रूम हीटर का इस्तेमाल इसे और अधिक ड्राई बना देता है। इस कारण से, आपकी आंखों में भी ड्राईनेस का एहसास हो सकता है, जिस वजह से इरिटेशन, आंखों में खुजली और रेडनेस की समस्या हो सकती है। आंखों की ड्राईनेस को दूर करने के लिए कई बार आंखों में आंसू भी आने लगते हैं, जो काफी इरिटेटिंग हो सकते हैं।

कार्बन मोनोऑक्साइड का लेवल बढ़ना

रूम हीटर के इस्तेमाल से कई बार कार्बन मोनोऑक्साइड गैस रिलीज होती है। यह एक जहरीली गैस होती है, जो आपकी जान भी ले सकती है। दरअसल, इस गैस की कोई गंध या रंग नहीं होता, जिस वजह से इसका पता नहीं लग पाता, लेकिन इसकी वजह से चक्कर आना, सिर दुखने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इन लक्षणों की मदद से इसका पता लगा सकते हैं। इस वजह से एस्फिक्सिया यानी स्लीप डेथ होने का खतरा भी रहता है।

हीटर्स के इस्तेमाल के दौरान इन बातों का ख्याल रखें-

-अपने कमरे की वेंटिलेशन का ख्याल रखें, ताकि इससे निकलने वाली गैस बाहर निकल सके।
-बच्चों और पेट्स को इसके पास न जाने दें।
-नियमित तौर से इसकी सफाई करें ताकि इसमें गंदगी न इकट्ठा हो।
-प्लास्टिक, कारपेट, लकड़ी, गद्दे, जैसी चीजों से दूर रखें।

रात को इसे चलाकर न सोएं न इसे बहुत देर चलाकर छोड़ें। ●

रूखी त्वचा

सर्दियों में नमी की कमी से स्किन काफी ड्राई हो जाती है। रूम हीटर के इस्तेमाल से त्वचा और अधिक ड्राई हो सकती है। इस कारण से, स्किन फ्लेकी और खुरदुरी हो सकती है। इसके अलावा, खुजली और रेडनेस की समस्या भी हो सकती है। इन कारणों से, स्किन इरिटेशन की समस्या भी हो सकती है।

एलर्जी

रूम हीटर के इस्तेमाल से कई बार एलर्जी भी हो सकती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि रूम हीटर के इस्तेमाल से वातावरण में मौजूद डस्ट और एलर्जेन्स आपके शरीर में घुस सकते हैं, जिस वजह से एलर्जी की समस्या हो सकती है। यह अस्थमा और ब्रॉनकाइटिस के मरीजों के लिए खास तौर से खतरनाक हो सकता है।

पारा गिरने के साथ रहें सावधान

आपने कभी सोचा है कि क्यों कुछ अंगों में सबसे ज्यादा सर्दी लगती है और कुछ अंगों को ठंड का पता कुछ देर बाद चलता है। तो, आइए समझते हैं सर्दी लगने का पूरा साइंस और कैसे करता है ये काम। फिर जानेंगे कि सर्दियों में इन अंगों को क्यों और कैसे बचाएं। शरीर के कुछ अंग टेंपरेचर सेंसिटिव होते हैं और उन तक सर्दी या गर्मी कुछ भी आसानी से पहुंच जाती है। दरअसल, इसक पीछे तर्क ये है कि ठंड का अहसास तब शुरू होता है जब त्वचा की नसें त्वचा के तापमान के बारे में मस्तिष्क को संकेत भेजती हैं। इसलिए जब हमें ठंड लगती है, तो यह अक्सर उंगलियों, पैर की उंगलियों और अन्य खुले अंगों के तापमान में गिरावट के कारण होता है। इसके अलावा शरीर की संरचना और आकार भी इससे ज्यादा जुड़ा हुआ होता है। तो, आइए जानते हैं किस अंग को सबसे पहले ठंड लगती है।

हाथ और पैर को सबसे पहले लगती है ठंड

दरअसल, सबसे पहले ठंड हाथ और पैर को लगती है क्योंकि ये ज्यादा खुले में रहने वाली व्यापक त्वचा है। इस त्वचा के जरिए ठंड तेजी से शरीर में प्रवेश कर जाता है और दिमाग तुरंत रिएक्ट करता है कि उसे ठंड लग रही है। इसके पीछे दूसरा तर्क ये है कि हाथ और पैरों तक ब्लड सर्कुलेशन पहुंचने में ज्यादा समय लग जाता है और ऐसे में खून के आने और जाने के बीच ये अंग लंबे समय तक धीमे ब्लड सर्कुलेशन को महसूस करते हैं जिससे पैर और हाथ ठंडे हो जाते हैं।

नाक और कान : हाथ और पैर के बाद सबसे ज्यादा ठंड नाक और कान में लगती है। इसके पीछे कारण ये है कि ये अंग सबसे ज्यादा खुले रहते हैं और बाहरी तापमान के संपर्क में आते हैं। इसके अलावा सर्द हवा इनके जरिए शरीर में प्रवेश भी कर सकती है जिससे फेफड़ों तक ठंडक पहुंचती है और व्यक्ति ठंडक ज्यादा महसूर करता है। इसलिए इन अंगों के लिए आपको इन उपायों को अपनाना चाहिए जो कि सर्दी लगने से हमें बची सकते हैं।

बचाव के लिए करें ये काम

-सर्दी से बचाव के लिए सबसे पहले तो अपने हाथ और पैरों में दस्ताने और मोजे पहनकर रखें।
-दूसरा आपको करना ये है कि आप सर्दियों में अपना कान ढककर रखें। साथ ही टोपी पहनें या शॉल ओढ़कर बाहर निकलें। इस प्रकार से आप खुद को ठंड लगने से बचा सकते हैं और कई बीमारियों से बच सकते हैं। ●

प्रेगनेंसी में उलटियों से बचने के घरेलू उपाय

गर्भावस्था के सबसे सामान्य लक्षणों में से एक है उल्टी होना। लगभग 70 फीसदी प्रेगनेंट महिलाओं को उल्टी और मतली होती ही है। हालांकि, कुछ महिलाओं को पूरे नौ महीने तक यह दिक्कत रह सकती है। आइए जानते हैं कि गर्भावस्था में उल्टी कब शुरू होती है और उल्टी रोकने के घरेलू उपाय क्या हैं?

प्रेगनेंसी में उल्टी होना नॉर्मल है

डॉ. नीलम नाथ

गर्भावस्था में उल्टी होना सामान्य बात है। इसे नॉजिया और वॉमिटिंग इन प्रेगनेंसी (एनवीपी) भी कहा जाता है और इसका स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है। एक थ्योरी के मुताबिक, गर्भावस्था के दौरान शरीर में आने वाले हार्मोनल बदलावों के कारण ऐसा होता है। दिन या रात में किसी भी समय प्रेगनेंट महिला को एनवीपी की दिक्कत हो सकती है। हालांकि, अधिकतर महिलाओं को प्रेगनेंसी की पहली तिमाही तक ही यह दिक्कत रहती है लेकिन कुछ मामलों में यह परेशानी तीसरी तिमाही तक भी रह सकती है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को पहली तिमाही के चौथे से छठे हफ्ते से ही उल्टी की दिक्कत होने लगती है। इस समय गर्भाशय में इंप्लांटेशन पूरा होता है। शुरुआती तीन महीने खत्म होने पर उल्टी की शिकायत भी खत्म हो सकती है। अगर आपकी यह प्रॉब्लम कम होने की बजाय बढ़ गई है तो इसे हाइपरमेसिस ग्रेविडेरम कहते हैं। यह एक गंभीर स्थिति है लेकिन अगर किसी प्रेगनेंट महिला को उल्टी का लक्षण नहीं दिख रहा है तो घबराने की कोई बात नहीं है।

प्रेगनेंसी में ही उल्टी क्यों?

गर्भावस्था के दौरान हार्मोंस में उतार चढ़ाव बहुत आता है और इसी के कारण उल्टी हो सकती है। माना जाता है कि प्रेगनेंसी हार्मोन एस्ट्रोजन के बढ़ने की वजह से उल्टी की दिक्कत होती है। वहीं, प्रेगनेंट महिला के अत्यधिक स्ट्रेस लेने पर भी उल्टी ट्रिगर हो सकती है। गर्भवती महिला का पाचन तंत्र भी कमजोर हो जाता है जिसकी वजह से उन्हें ज्यादा भारी चीजें पचाने में दिक्कत होती है। ऐसे में भी उल्टी होने की संभावना रहती है।

प्रेगनेंसी में उल्टी होने पर क्या करें

सुबह नाश्ते में टोस्ट, अनाज आदि खाएं। वहीं, रात को सोने से पहले चीज या हाई प्रोटीन स्नैक खाएं। दिनभर फलों का ताजा रस और पानी पीती रहें। एक ही बार में ज्यादा पानी या जूस पीने की गलती न करें।

हर दो से तीन घंटे में थोड़ा-थोड़ा खाना या स्नैक्स जरूर खाएं। एक बार में ही ज्यादा खाने से बचें। तेज खुशबू वाली चीजें खाने से बचें।

उल्टी रोकने के घरेलू उपाय

अदरक की चाय-अदरक की चाय उल्टी को रोकने के साथ पाचन में सुधार और एसिडिटी कम करती है। आप अदरक का एक टुकड़ा भी चबा सकती हैं।

संतरा- संतरे में सिट्रिक एसिड होता है जिसे सूंघने पर मतली ठीक होती है। आप संतरे का जूस भी पी सकती हैं या इसे सूंघने से भी आराम मिलता है।

नींबू पानी- नींबू खनिज पदार्थों से युक्त होता है और गर्भावस्था में होने वाली मतली और उल्टी को रोकने का भी गुण रखता है। ●

कविता

सत्य

इक वक्त होता है खास
खास कहां, कोई हो पाता है
आंसू, तड़पन, आकुलता
में भी जीता जाता है
खुद को खोजे, पा भी ले
फिर क्या अपनापाता है...
नामुमकिन करती
मानव मन की चंचलता
पर हो सहज, सब संभव है
हो कितनी भी आकुलता
अपने-अपने हिस्से का जीवन
जीकर सबको जाना है
आंखो देखा सत्य है ये सब
बाकी सब अफसाना है.....
फिक्र जताने वालों जा
षड़यंत्र रचाने वालों जा
तबबियत मेरी मै हूं संभाले
कर दो मुझको अब मेरे हवाले....
अब मैंने खुद को पहचाना है
कैसा अंकुश किससे आशा
आंसुओं ने दी, जब परिभाषा
ह्रदयविदारक शब्दों से आकुल
आहत मन को समझाना है..
फितरत नहीं बदलती
न ही नियत बदली है
जैसी करनी वैसी भरनी
फिर कैसा पछताना है
आंखों देखा सत्य है ये
बाकी सब अफसाना है...

● सारिका यादव

तू है एक कविता जैसी

तू है एक कविता जैसी,
भाव बोध हजार है,
शोभित है यूं शब्द सरस ज्यों,
रोम रोम अलंकार है, तू है एक कविता जैसी,
भाव बोध हजार है।।
कभी वर्तनी तेरी सुधारूं
कभी अभिव्यक्ति पर अधिकार है
कहीं कभी तू हर शैली में सुंदर
मुखड़े पर ये बिंदी, नुक्ता सा श्रृंगार है
तू है एक कविता जैसी
भाव बोध हजार है।।
सुबह निहारू सांझ पुकारू
गुनगुनाते बारंबार है
सरल सहज मृदुल मनमोहक
रस की कोई बौछार है
तू है एक कविता जैसी
भाव बोध हजार है।।
प्रीत रीत की मीत बनी तू
अद्भुत सा संगीत बनी तू
रोगी से इस करुण ह्रदय का
ये कविता ही अब उपचार है
तू है एक कविता जैसी
भाव बोध हजार है।।

● अमित पाठक शाकद्वीपी

सर्दियों में इन तरीकों से रखें
बॉडी और स्किन का ख्याल

सर्दियों के मौसम में खुद का ख्याल रखना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। इस मौसम में ठंडी हवा और तापमान में धीरे-धीरे गिरावट किसी को भी आसानी से बीमार कर सकता है। सर्दियों में स्किन भी रूखी-रूखी और बेजान होने लगती है। ऐसे में अगर आप खुद की बॉडी और स्किन का ख्याल नहीं रखते तो आपको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आज हम आपको सर्दियों में आप किस तरह इन टिप्स एंड ट्रिक्स अपनी स्किन का ध्यान रख सकतें हैं उसके बारे में बताने जा रहे हैं।

हर दूसरे दिन हेयर केयर

अगर आप अपने बालों को सर्दियों के मौसम में सुंदर और घना देखना चाहते हैं, तो हर दूसरे दिन बालों को धोएं। ऐसा करने से आपके बाल नैचुरली चमकते रहेंगे।

अपनी आइब्रो का ध्यान रखें

सर्दियों में अपनी आई ब्रो को खास ख्याल रखना चाहिए। हर हफ्ते उसमे आए एक्स्ट्रा बालों को निकलवा दें। ऐसा करने से आपके चेहरे पर काफी असर पड़ता है।

आइस को फेस पर रोल करें

अपने चेहरे को पिम्पल्स से मुक्त रखने के लिए एक आइस रोलर लें और उसे पूरे चेहरे पर रोल करें। सर्दियों में ऐसा करने से स्किन में ब्लड सर्कुलशन बढ़ेगा और स्किन पर पिम्पल्स नहीं होंगे

गुआ शा और जेड का यूज

दिन में एक बार गुआ शा का यूज जरूर करें। सर्दियों में इससे आपके फेस पर आने वाला एक्स्ट्रा फैट समाप्त हो जाएगा। जेड रोलिंग को आप सुबह और शाम यूज कर सकते हैं।

लैश मैजिक

एक गर्म आईलैश कर्लर आपको मिनटों में शानदार पलकें दे सकता है। सर्दियों में इसे यूज करना काफी आसान होता है।

लैश पर लगाए ये तेल

सुबह तक पलकों को प्राकृतिक रूप से सुंदर और बड़ा करने के लिए सोने से पहले उन पर अरंडी या नारियल का तेल लगाकर सोएं।

हेयर ऑयल जरूर लगाएं

सर्दियों में बालों को धोने के बाद उन पर नारियल, जैतून, बादाम, या आर्गन के तेल से मालिश जरूर करें। इससे बालों में मजबूती बनी रहेगी।

फेस मास्क लगाएं

अपनी सॉफ्ट स्किन को और अधिक शाइनी बनाने के लिए अपने फेस पर सप्ताह में दो बार मास्क या एक्सफोलिएट का यूज करें। सर्दियों में इसका यूज फायदेमंद होता है। ●

गजल

लिपटे सूरज - चांद - सितारे मां के आंचल में,
धोक लगाते सब उजियारे मां के आंचल में।
रोज़ उसे जय मिलती इसके ही आशीषों से,
आकर सो जाते थक - हारे मां के आंचल में।
खुशियों की तितली मंडराती इसके फूलों पर,
आकर बैठे गम के मारे मां के आंचल में।
मन्नत का दर है ये जो मांगो मिल जाएगा,
हैं मंदिर - मस्जिद - गुरुद्वारे मां के आंचल में।
हाथ हमेशा हो सर पर वो बेघर कब होता,
घूम रहे हैं लाखों बनजारे मां के आंचल में।

● गोविन्द भारद्वाज

डीएम और पुलिस कमिश्नर के आदेशों को आजतक नहीं लगा पंख

रामनगर आज भी सामनेघाट पुल पर दो थानों के निकम्मे वजूद को सलाम करते दौड़ते हैं बड़े और भारी भरकम वाहन

प्रखर रामनगर/वाराणसी। बात सात माह पहले 27 मई की है। रामनगर सामनेघाट पुल पर जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम और पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन निरीक्षण करने पहुंचे थे। वहां दोनो प्रशासनिक अधिकारियों को पुल के दोनो छोर पर डबल हाइटगेज लगाने की आवश्यकता महसूस हुई। जिसकी वजह से बड़े और भारी भरकम वाहन रामनगर सामनेघाट पुल से न गुजर सके। उस समय जिले के दोनो आला अधिकारियों को भली भांति एहसास था कि लगभग 97 करोड़ की लागत से बने इस 923 मीटर लम्बे पुल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 सितम्बर 2017 को किये जाने के बाद चन्दौली, गाजीपुर, मिजार्पुर व आसपास के अन्य जिलों सहित बिहार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र से जोड़ने वाली ये रामनगर सामनेघाट पुल काशी की ऐतिहासिक धरोहरो का साक्षात परिचय कराने के साथ साथ चिकित्सीय सुविधा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण मानी जाती है। ज्ञात हो कि बिहार सहित आसपास के अन्य जिलों के मरीज और राहगीर जहां इसी पुल के माध्यम से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय स्थित ट्रामा सेन्टर और सर सुन्दर लाल चिकित्सालय पहुंचते हैं, वहीं रामनगर दुर्ग, मंशा देवी मंदिर, रामबाग पोखरा स्थित दुर्गा मन्दिर, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का संग्रहालय देखने को लोग इसी पुल से आते जाते हैं। दो थानों के बीच पड़ने वाले इस पुल से बड़े और भारी भरकम वाहन न गुजरे इसके लिए उस समय के लंका थाना प्रभारी को पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन ने निर्देशित भी किया था। लेकिन न जाने किन वजहों से सात महीने बाद भी आजतक न तो दोनो छोर पर डबल हाइटगेज लगे और न ही दोनो थानों की पुलिस बड़े और भारी भरकम वाहनों के चलने पर रोक लगाने में सफल हो पाई। जबकि रामनगर थाना क्षेत्र में पड़ने वाले रामनगर चौक, शास्त्रीचौक और लंका थाना क्षेत्र अंतर्गत सामनेघाट पुल के पास यातायात पुलिस मुस्तैदी से खड़ी रहती है। वर्ष 2008 में पद्म विभूषित प्रख्यात समाजसेविका डा. निर्मला देशपाण्डेय के देहावसानोपरांत बलिया से रामनगर तक नशा उन्मूलन पदयात्रा कर चुके समाजसेवी कृपा शंकर यादव ने कहा कि रामनगर सामनेघाट पर चल रहे बड़े वाहनों से एकओर जहां अन्य राहगीरों को अनेकानेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, वही जिले के जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम और पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन के 27 मई के दौरे और लंका थाना प्रभारी को दिये निर्देशन का आम राहगीरों को सात महीने बाद भी कोई लाभ दिखता नही मिल रहा है। कृपा शंकर यादव ने पुल के दोनो छोर पर दो दो ब्रेकर की आवश्यकता का भी जिक्र किया। बताते चलें कि जिले के दोनो आला अधिकारी एस0 राजलिंगम और पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन आज भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में अपनी प्रशासनिक सेवाए दे रहे हैं लेकिन न जाने किन वजहों से आज तक दोनो आला अधिकारियों के आदेशों को पंख नही लगा।

असहाय लोगों को फाऊंडेशन ने किया कंबल वितरण

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा ब्लॉक के मुर्दी व चमरू गांव में शनिवार को गरीब असहाय एव वंचित परिवारों के बीच 100 कंबल का वितरण किया गया।कंबल लेने के लिए कई गांवों के काफी संख्या में महिलाएं एवं बुजुर्ग पहुंचे थे। इस कड़ाके के ठंड में कंबल मिलते ही लोगो के चेहरे खिल गए । इस अवसर पर संपूर्ण जनहित विकास फाऊंडेशन ट्रस्ट के डायरेक्टर शिवपाल शर्मा, पिंडरा के पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमिला देवी व दीनानाथ, ओंकारनाथ , जगदीश वर्मा और ग्राम सभा चमरू (मुर्दी) के क्षेत्र पंचायत सदस्य चंद्रशेखर, रीटील राव, राहुल, गुड्डू, अवधेश समेत ग्राम सभा के अनेक लोग उपस्थित रहे ।

श्रीरामजन्मभूमि संघर्ष का इतिहास : डॉ. सुनील कुमार मिश्रा

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। किसी भी राष्ट्र का अस्तित्व और अस्मिता, स्वत्व और स्वाभिमान उस देश के श्रद्धा व आस्था केन्द्रों, महापुरुषों के स्मृतिस्थलों तथा सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण व संवर्धन पर निर्भर करता है। यह इतिहास का एक कड़वा सच है कि बर्बर विदेशी आक्रान्ताओं ने हमारे हजारों श्रद्धा, पुण्य और प्रेरणा केन्द्रों को ध्वस्त कर राष्ट्रीय स्वाभिमान को आहत करने का दुस्साहस किया था। उन्होंने हिन्दुस्थान में हजारों मंदिरों को तोड़ा और फिर अपने वर्चस्व का दंभ दिखाने के लिये उन्हीं मंदिरों के स्थान पर, उन्हीं मंदिरों के मलवे से मस्जिदें खड़ी कर दीं। देश के कोने-कोने में ऐसे अनगिनत स्थान हैं । काशी विश्वनाथ मन्दिर वाराणसी, श्री कृष्ण जन्मभूमि मथुरा, श्री राम जन्मभूमि अयोध्या तथा गुजरात का सोमनाथ का मंदिर भारत की राष्ट्रीय-सांस्कृतिक प्रवाहधारा के मुख्य स्त्रोत रहे हैं। अतः उनके ध्वंस का दंश हिन्दू समाज को हमेशा सालता रहा और इसीलिये उनकी पुनर्स्थापना एवं पुनर्प्रतिष्ठा की मांग और प्रयास निरंतर जारी रहे। विशेष रूप से श्री राम जन्मभूमि की मुक्ति के लिये तो अब तक हुए 76 संघर्षों में साढ़े तीन लाख से अधिक लोगों ने अपना बलिदान दिया। बाबर के सेनापति मीर बाकी ने श्री रामजन्मभूमि पर बने मंदिर को ध्वस्त कर उसके बहुत से प्रतीक चिन्हों, स्तंभों, मूर्तियों आदि को क्षतिग्रस्त करके उनका मलवे के रूप में प्रयोग करते हुए उसी स्थान पर एक मस्जिदनुमा ढ़ांचे का निर्माण कराया। यदि ऐसा है तो इस प्रश्न को मंदिर-मस्जिद विवाद अथवा हिन्दू-मुस्लिम समस्या की चौखट से बाहर निकालकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के नाते गुलामी के प्रतीक चिन्हों को मिटाने और राष्ट्र के स्वत्व व स्वाभिमान जगाने तथा अस्मिता और पहचान को प्रकट करने वाले स्मारक की पुनर्स्थापना के रूप में देखा जाना चाहिये। ऐसा होना सभी स्वतंत्र व स्वाभिमानी देशों व समाजों में होता आया है, और यह स्वाभाविक भी है। भारत के लिये राम केवल पूजा के देव नहीं हैं। वे राष्ट्रीय अस्मिता, राष्ट्रीय गौरव, भारतभक्ति और मयार्दा के मानदंडों के अनुसार जीवन-व्यवहार करने वाले राष्ट्रपुरुष हैं।

विज्ञान मॉडल में दिखी आधुनिक भारत की झलक

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। सेवाज्ञ संस्थानम् की ओर से आयोजित पंद्रह दिवसीय महामना महोत्सव के तहत हरिश्चंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज मैदागिन में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई इसमें जिले के 60 विद्यार्थियों ने पर्यावरण,परिवहन,अंतरिक्ष, ऊर्जा संचयन विषय पर आधारित विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए विद्यार्थियों ने मॉडल के जरिये आधुनिक भारत को दशार्या, वैश्विक समस्याओं का हल सुझाया` मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा चयन बोर्ड के पूर्व सदस्य डॉ हरेंद्र कुमार राय ने कहा कि महामना के दृष्टिकोण में समग्रता है कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महामना का वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रासंगिक है युवाओं को स्वंय के लिए नहीं, देश के लिए सोचना चाहिए विशिष्ट अतिथि बीएचयू के डॉ. जय सिंह ने कहा कि महामना वैज्ञानिक शिक्षा के पक्षधर थे` काशी हिंदू विश्वविद्यालय प्रत्यक्ष प्रमाण है अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ उमेश सिंह ने कहा कि महामना ने धर्म और विज्ञान में सामंजस्य के लिए बीएचयू की स्थापना की` कार्यक्रम सह संयोजक सोनी शर्मा ने बताया कि गोपी राधा बालिका इंटर कॉलेज रविंद्रपुरी में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होंगी बताया कि महोत्सव का समापन 9 जनवरी को होगा` स्वतंत्रता भवन बीएचयू में आयोजित समापन समारोह विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा` स्वागत वंशिका राय ने किया इस मौके पर माधव कुमार, शुभम, आशीष, शशांक, अंकिता मौजूद रही।

2024 का लोकसभा चुनाव देश के भविष्य को तय करेगा : राकेश मौर्या

प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या के अध्यक्षता में मासिक बैठक में नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी राजेन्द्र सरोज, संजीव साहू,राजेश यादव, संदीप यदुवंशी, जगरनाथ यादव,देवेन्द्र साहू,राकेश पटेल का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वहीं बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव सबसे बडा चुनौती यह चुनाव देश के भविष्य को तय करेगा जीस तरह भाजपा सरकार संविधान को खत्म करने का प्रयास कर रहा है आज देश और प्रदेश अराजकता का माहौल है आये दिन हत्या बल्तकार जैसी घटना आम हो गई है लेकिन भाजपा सरकार अपराधियों को सहयोग करने में लगी है अगर आप सभी अपने परिवार एवं बच्चों का भविष्य सुरक्षित करना है तो भाजपा सरकार को देश और प्रदेश से हटाना ही होगा यह तभी सम्भव जब समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकर्ता अपने गावों क्षेत्रों में घर घर जाकर सबसे पहले समाजवादी विचारधारा के वोटरों को बढ़ाने एवं गलत वोटों को कटाने का काम करें और अपने वोटरलिस्ट का निगरानी भी करते रहिए क्योंकि विगत चुनाव में देखा गया है कि आखिर समय में भाजपा सरकार समाजवादी पार्टी के विचारधारा वाले वोटरों का नाम कटवाने का काम करते है भाजपा सरकार ऐसी ही साजिशों को सफल करने के लिए हर तरीका लगायेंगे इसे लिए सभी समाजवादी पार्टी के साथी सतर्क रहेंऔर भाजपा सरकार की साजिश एवं जन विरोधी कामों को बता कर जनजन को जगाने का काम करें। पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव ने कहा कि भाजपा सरकार केवल लोगों को गुमराह करती है उनके झूठे वादों को जनता में बताना होगा समझना होगा तभी आने वाले चुनाव में आप ऐसी झूठी सरकार को हटा सकतें है। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रीराम यादव, लालबहादुर यादव,अरशद खान,डां जितेन्द्र यादव, हिरालाल विश्कर्मा, महेन्द्र यादव,राजेश यादव, हिसामुद्दीन शाह,राहुल त्रिपाठी,रुक्सार अहमद, संजय सरोज, दीपचन्द राम,राजेन्द्र टाईगर, केशजीत यादव, अंखड प्रताप यादव, श्रवण जयसवाल, दिनेश फौजी,लाल मोहम्मद रायनी,दिनानाथ सिंह,मनोज मौर्या, धनश्याम यादव, रामू मौर्या,राम इकबाल, रामजतन,श्याम नरायन बिन्द,अभयराज, महेन्द्र पाल,जेपी यादव, भानुप्रताप मौर्या, शिवजीत यादव,मेवालाल गौतम, हवलदार ,चौधरी आदि संचालन राजेन्द्र यादव ने किया।

विश्वनाथ कॉरिडोर एवं वाराणसी स्मार्ट सिटी में बिजली की व्यवस्था भोलेनाथ भरोसे : आशुतोष सिन्हा एमएलसी

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। वाराणसी महानगर एवं विश्वनाथ कॉरिडोर में व्याप्त बिजली की समस्याओंके समाधान के लिए एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने सर्किट हाउस में अधीक्षण अभियंता अनूप सक्सेना, अधिशासी अभियंता नीरज पांडे व गौरव सिंह के साथ चर्चा की और जन समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन दिया उन्होंने बताया कि विश्वनाथ कॉरिडोर में सप्लाई की तीन लाइन हैं जो कि खराब हो चुकी हैं जबकि केवल चौक पॉवर से सिंगल केबल से सप्लाई दी जा रही है जिससे आये दिन काशीवासियों को बार-बार ट्रांसफार्मर का जलने व लो-वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ रहा है इसके अतिरिक्त स्मार्ट मीटर के द्वारा गलत/फर्जी बिल (डिफेक्टिव बिल) भेजा जा रहा है जिससे उन्हें अधिक बिल जमा करना पड़ता है तथा मीटर खराब होने पर उसे जल्दी बदला भी नही जाता और मीटर बदलने वाले नियुक्त जेएमटी द्वारा खुद के जगह पर निजी व्यक्तियों की नियुक्ति की गई है जिनका रिकॉर्ड भी बिजली विभाग के पास नही है जो कि एक मीटर लगाने के लिए 1000-2000 तक कि वसूली करते हैं और विरोध करने पर मीटर नही लगाते इसके साथ ही बुनकरों से फिक्स रेट पर बिजली बिल नही जमा कराया जा रहा है तथा उनसे मनमाने तरीके से पैसा लिया जा रहा है और विरोध करने पर उनकी बिजली काट दी जा रही है` बिजली विभाग के कर्मचारियों के मनमाने रवैए के कारण लाखों बुनकर परेशान हैं आशुतोष सिन्हा ने कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारियों की उदासीनता एवं भ्रष्टाचार में संलग्नता के कारण आगामी गर्मी में बिजली संकट की प्रबल संभावना है क्योंकि पूरे शहर में केवल पांच ट्रांसफार्मर की ही क्षमता में वृद्धि हुई है और न ही कोई नई लाइन बनायी गयी है और न ही कोई नया उपकेन्द्र बनाया गया है।

अयोध्या के संतों द्वारा पूजित अक्षत श्रीराम चित्र और निमंत्रण पन्द्रह जनवरी तक हिन्दू घरों तक पहुंचाने का किया आह्वान

प्रखर जखनिया गाजीपुर। स्थानिक कस्बे के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक रमेश जी ने स्वयंसेवक संघ के दुर्गा प्रसाद के आवास पर एक बैठक कर अयोध्या में भगवान श्री राम जी विग्रह तीन मूर्ति को प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या के संतो द्वारा पूजित अक्षत, श्री राम जी के चित्र व निमंत्रण को 15 जनवरी तक सभी हिंदुओं के घरों तक पहुंचाने का आवाहन करते हुए कहा कि यह भगवान श्री राम की कृपा है कि हम सभी को 500 वर्षों बाद ऐसा अवसर मिला है । जिसे सभी भेदभाव भुलाकर सभी घरों में पहुंच कर 22 जनवरी को हर गांव गली मंदिर शिवालय तक 11:00 से 12:00 तक संकीर्तन कर घरों में व मंदिर में रहे। तथा इसके बाद अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा को एलईडी ,टीवी के माध्यम से घरों में सामूहिक रूप से देखें ।बताया कि भारत में 6 लाख 70 हजार गांव के सभी घरों में निमंत्रण देना है। निमंत्रण पाने के लिए सभी वर्गों में जिज्ञासा है। जिन्होंने भगवान राम को नाकारा था कि राम अयोध्या में पैदा नहीं हुए थे बड़े-बड़े सवाल पैदा किए थे वे लोग भी निमंत्रण पाने के लिए बेचैन है ।हमें उन्हें भी निमंत्रण देना है पूरे देश ही नहीं विदेश मे रह रहे हिंदुओं में राम मंदिर का वायुमंडल बन गया है ।ऐसे में सभी समाज को अपने साथ जोड़ना है। भगवान 14 वर्ष बाद बन से अयोध्या वापस आए तो पूरे अयोध्या के लोग दिवाली मनाई ,तब से अब तक दिवाली हमारे घरों में मनाई जा रही है ।जो आज भी कायम है। यह श्रद्धा का सैलाब घर-घर गांव गांव मे सभी जाग गया है ।उस दिन सभी गांव मुहल्ला अयोध्या से कम नहीं होगा। क हमें गांव में कलश यात्रा , ढोल मजारे के साथ हिंदू समाज को जगाने व एक संदेश देने के लिए संकिर्तन करते हुए अक्षत ,निमंत्रण पत्र देना है। यह भी कहा कि श्रद्धा की श्रृंखला की कड़ी रुकने वाली नहीं है , राम सबके हैं ,सबमे हैं। बताया कि भारत में परंपरा रही है की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा करना जब तक मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा नहीं होती तब तक कोई मूर्ति को प्रणाम भी नहीं करता। स्वयंसेवकों को आवाहन किया की मुख्य मार्ग छोड़ने पर वह स्थान नहीं रह जाता जो धारा के साथ चलता है । इस मौके पर सभी हिंदू समाज को जोड़ ले ,यह भी बताया कि यह मंदिर उद्योगपतियों से नहीं बल्कि छोटे वर्ग हिंदुओं के सहयोग से बन रहा है। जो राम से जुड़ गया वहीं राष्ट्र से जुड़ गया ।संघ व समाज के बीच में कोई दीवार नहीं रहेगी ।भगवान राम ने वंचित समाज के उपेक्षित भालू बंदर को भी साथ लेकर चले थे ।यह संस्कृति संस्कार भारत में ही है वह मान्यता दिव्यता व प्रतिरूप संघ परिवार के कार्यकर्ता है। मौके पर विभाग प्रचारक अजीत जी, डॉक्टर नागेंद्र ,जिला प्रचारक गौरव, सत्येंद्र कुमार ,सह जिला कार्यवाह दुर्गा प्रसाद , आदर्श, अंकित जायसवाल, गणेश, विजय, अजीत ,अशोक गुप्ता, सहित काफी संख्या में स्वयंसेवक रहे।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के प्रदेश महासचिव संपूणार्नंद पांडेय के जन्मदिन पर नि:शुल्क हेल्थ शिविर का आयोजन

निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। पांच जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के प्रदेश महासचिव संपूर्णा नंद पाण्डेय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में संगठन के युवा कार्यकर्ता और साथ में सिगनस लक्ष्मी हॉस्पिटल और हिंदू बुनकर कल्याण समिति वाराणसी के तत्वाधान में एक वृहद स्वास्थ परिक्षण शिविर का आयोजन लोहता स्थित भट्टी गांव के सचिवालय में किया गया जिसमे सिगनस लक्ष्मी हॉस्पिटल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा.मंजरी गुप्ता ,बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.जुनैद अंसारी तथा हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.शशिकांत सिंह ने परामर्श दिया जिसका 100 से अधिक लोगों ने इस शिविर में भाग लिया। इस शिविर में सिगनस लक्ष्मी हॉस्पिटल के यूनिट हेड आदित्य झा,आशुतोष राय,डॉ. दिव्या सिंह ,अनुपम रत्न आदि लोग उपस्थित रहे` अंत में हिंदू बुनकर कल्याण समिति के अध्यक्ष शैलेश सिंह और मनोज जायसवाल ने लोगो को धन्यवाद दिया तथा समय समय पर ऐसे शिविर आयोजित करने के लिए आग्रह किया संपूर्णा नंद पाण्डेय ने सभी लोगो को धन्यवाद दिया।

संक्षिप्त खबरें

काल भैरव मंदिर परिवार ने भारतवासियों से अपने घर में दीपक जलाकर राष्ट्रीय पर्व मनाने का किया आवाहन

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। काल भैरव मंदिर परिवार की तरफ से भगवान श्री राम के अयोध्या में निर्मित मंदिर में विराजमान होने एवं राम मंदिर का उद्घाटन होने की खुशी में भारतवर्ष में समस्त भारतवासियों से अपने घर में दीपक जलाकर राष्ट्रीय पर्व मनाने का आवाहन किया इस अवसर पर काल भैरव मंदिर परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे जिसमें रोहित योगेश्वर, देवगिरी ,रमेश उपाध्याय सिक्योरिटी गार्ड अमित यादव, मुन्ना गार्ड सहीत काल भैरव मंदिर परिवार के अनेक सदस्य एवं भक्तगण उपस्थित थे ,इस व्हाट्सएप पर ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक मंत्र का उच्चारण करते हुए सभी से आवाहन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन योगी प्रकाशनाथ योगेश्वर जो की काल भैरव गंडा माला के जनक स्वर्गीय सिद्ध योगी रूपनाथ जी बाबा 1820 के सर पौत्र हैं उन्होंने किया सभी उपस्थित भक्तों ने ने अंत में हर हर महादेव में जय श्री राम के नारों से गूंज मानकर दिया पूरे परिसर को हर यात्री जय श्री राम जय श्री राम उद्घोष कर रहा था।

सेवाज्ञ संस्थानम् की ओर से गोपीराधा इंटर कॉलेज में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 500 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा, तत्परता से सवालों के दिए जवाब

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। सेवाज्ञ संस्थानम् की ओर से आयोजित पंद्रह दिवसीय महामना महोत्सव के तहत शनिवार को गोपीराधा इंटर कॉलेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित हुई इसमें जिले के 500 हिस्सा लिया विद्यार्थियों ने पर्यावरण, परिवहन, अंतरिक्ष, ऊर्जा संचयन विषय पर आधारित प्रश्नों के जवाब दिए। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा चयन बोर्ड के पूर्व सदस्य डॉ. हरेंद्र कुमार राय ने कहा कि महामना आत्मनिर्भर भारत के लिए संकल्पित थे उनके दृष्टिकोण को समझने की जरूरत है` अध्यक्षता कर रही विद्यालय की प्रधानाचार्य नीति जायसवाल ने कहा कि महामना के विचार प्रेरक है। वे धर्म और विज्ञान की शिक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित थे इसके लिए उन्होंने बीएचयू की स्थापना की। कार्यक्रम सह संयोजक सुश्री सोनी शर्मा ने बताया कि महोत्सव का समापन 9 जनवरी को होगा स्वतंत्रता भवन बीएचयू में आयोजित समापन समारोह विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। स्वागत वंशिका राय ने किया इस मौके पर माधव कुमार, शुभम, आशीष, शशांक,अंकिता मौजूद रहीं।

बृजमनगंज में पत्रकारों की बैठक संपन्न लिए गए अहम फैसले

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महाराजगंज के थाना क्षेत्र बृजमनगंज नगर पंचायत में स्थित रामबख्श शांति देवी चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पर आज प्रेस क्लब के तत्वाधान में वरिष्ठ पत्रकार शिव प्रकाश श्रीवास्तव एवं अविभावक विनय पाठक, सुवाष यादव के नेतृत्व में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में कई अहम विंदुओं पर चर्चा की गई। वरिष्ठ पत्रकार शिव श्रीवास्तव ने कहा कि निडरता के साथ निष्पक्ष पत्रकारिता करने के लिए संगठन की मजबूती जरूरी है आपस में किसी प्रकार का मतभेद न होने पाये यदि किसी पत्रकार पर कोई मुसीबत आती हैं उसे एक साथ मिलकर सहयोग करने की जरूरत है। पत्रकार की कलम कभी रुकनी नहीं चाहिए। एक पत्रकार ही समाज का आईना होता है। सौ गुनहगार भले ही छुट जाये परन्तु एक बेगुनाह को अपनी कलम से सजा न मिले। नगर पंचायत में प्रेस भवन निर्माण के लिए भी चर्चा की गई। पत्रकारों की समस्याओं के अतिरिक्त कई अहम फैसला लिया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आये कुल 67 मामले 1 का हुआ निस्तारण

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। शनिवार को सहजनवां तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सहजनवा कुंवर सचिन सिंह ने किया। इस दौरान 67 मामले आए थे। जिसमे 1 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। आये मामलों में राजस्व 36, पुलिस 8, विकास 10, समाज कल्याण 1, अन्य 12 मामले थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित की गई है। पुलिस के मामले के निस्तारण के लिए जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, ईओ सूर्यकांत, एसडीओ पुष्पेंद्र सिंह सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी,
गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं